हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 18 जुलाई 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

**स्वच्छता रैंकिंग** राज्य में भिलाई तीसरे पायदान पर

# देश में भिलाई 22वें, दुर्ग 24वें व रिसाली निगम 50वें नंबर पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई निगम स्वच्छता रैंकिंग में बेहतर ढंग से सुधार किया है। नेशनल स्तर पर 3 से 10 लाख की आबादी केटेगरी पर पूरे देश में 7वां स्थान मिला है। पिछली बार 78 वां रैंक में यह निगम था। ओवरऑल अंकों में भी सुधार करते हुए 22 प्रतिशत अंक ज्यादा हासिल किए हैं। देशभर की 4566 नगरीय निकायों में 22 वें स्थान पर आ गए हैं। पिछले साल 267 वें नंबर पर थे। राज्य में तीसरे स्थान पर हमारा भिलाई निगम है। पिछले साल 6 वें स्थान पर थे। स्वच्छता रैंकिंग की टीम ने अपनी वर्ष 2024 की रिपोर्ट सार्वजनिक की है। रिसाली गार्बेज फ्री सिटी में शामिल हो गया है। सार्वजनिक शौचालयों को बेहतर बनाया है।

## पिछले साल से 22 प्रतिशत अंक ज्यादा हासिल किए , थ्री स्टार भी मिला

### ओवरऑल नेशनल रैंकिंग में इस तरह सुधार

भिलाई निगम ने ओवर ऑल नेशनल रैंकिंग में सुधार किया है। वर्ष 2023 यानी पिछले साल भिलाई निगम को ओवर ऑल मार्क्स 12500 में 11055 मार्क्स हासिल किए हैं । जो 88.44 प्रतिशत होता है। वर्ष 2023-24 में ओवर ऑल मार्क्स 9500 में से 6311 मार्क्स मिले थे। जो 66.43 प्रतिशत था। यानी इस बार वर्ष 2024-25 में 22.01 प्रतिशत ज्यादा अंक हासिल किए हैं।

### थ्री स्टॉर रैंकिंग व वाटर प्लस भी मिला

भिलाई को स्वच्छ सर्वेक्षण में पिछले वर्ष 1 स्टार रैंकिंग मिला था। इस बार 3 स्टार रैंकिंग एवं ओडीएफ प्लस प्लस से वाटर प्लस हासिल किया गया है। शौचालयों की साफ-सफाई बेहतर की गई। खासकर श्रमिक एरिया में घर-घर शौचालय की व्यवस्था सुलभ की। वेस्ट वाटर को रि-यूस करने में भिलाई निगम ने बेहतर कार्य किया। इसलिए वाटर प्लस भी मिला।

### दुर्ग निगम देश में 24वें और प्रदेश में 17 वें नंबर पर

दुर्ग निगम की सफाई व्यवस्था लचर मिली है। दुर्ग निगम को 12500 नंबर में 10167 नंबर मिले हैं। इस प्रकार दुर्ग देश में 24 वें नंबर और राज्य में 17 वें नंबर पर रहा है। इसी प्रकार रिसाली निगम देश में 50 वें स्थान पर है। रिसाली को 9827 नंबर मिले हैं। अलग-अलग कैटेगरी आधार पर यह मार्किंग और ग्रेडिंग की गई है। पिछले बार दुर्ग निगम देश में 314 वें नंबर पर था।

### रैंकिंग के लिए प्लान, मार्केट के वेस्ट मटेरियल के लिए व्यापारियों को जोड़ा

एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपती राजू ने बताया कि शहर की सफाई को लेकर कई प्लान किए। बाजारों में जाकर वहां के व्यापारियों को जोड़ा। मार्केट में वेस्ट मटेरियल फेंक देते थे। जिसके लिए एक स्पॉट तय किया। फेंकने वालों पर जुर्माना लगाया। वार्डों में पार्षदों ने जिम्मेदारी निभाई। स्वच्छता दूत व स्वच्छता मित्र बनाए। समाजसेवियों को भी जोड़ा गया। इन सब ने अपने क्षेत्र व आसपास के लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। दुर्ग महापौर अल्का बाघमार ने कहा कि शहर में सफाई को लेकर बड़ी प्लानिंग की गई, जिसकी वजह से रैंकिंग में सुधार संभव हो पाया।

### पूरे शहरवासियों को इस उपलब्धि की बधाई

भिलाई को स्वच्छता की पायदान में अग्रणी बनाये रखने वाले आयुक्त , सभी स्वास्थ्य अधिकारी, समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वच्छता दूतों, सफाई कर्मियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। सभी के सहयोग से यह संभव हो सका। आगे 2025 में और बेहतर करेंगे।

*- **नीरज पाल**, महापौर भिलाई निगम*

### बेहतर मानिटरिंग से मिला रिजल्ट

भिलाई शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए मानिटरिंग सिस्टम को बेहतर किया। नागरिकों का अथक प्रयास रहा है। जनप्रतिनिधि से लेकर जनता ने भी योगदान दिया। आने वाले समय में हमारा भिलाई पूरे देश में टॉप 10 के साथ 5 स्टार रैंकिंग में रहे इसके लिए हम कार्य करेगें।

*- **राजीव कुमार पांडेय**, निगम आयुक्त भिलाई*

## नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी, महिला आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग।** दुर्ग जिले की पाटन पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाली महिला ठग को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पाटन पुलिस के मुताबिक आरोपी महिला का नाम गीतांजली टंडन है। उसने ग्राम सिपकोना के निवासी एमन बंजारे से 2 लाख और अन्य ग्रामीणों से नौकरी लगाने के नाम से पैसे लिए थे। उसने उन्हें झूठा आश्वासन दिया था कि वो उनकी नौकरी राजस्व विभाग में सहायक ग्रेड 3 और चपरासी पद में लगवा देगी। पैसा लेने के बाद गीतांजली ने लोगों को फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र भी थमा दिया। इसके बाद उनका फर्जी चरित्र प्रमाणपत्र बनवाकर उसका सत्यापन करवाने के नाम पर उनसे रुपए लिए।







# जिले की 9 पंचायतों में खुलेंगे महिला सदन, रोजगार के लिए करेंगे प्रेरित

## निकुम, अंडा, नगपुरा, मुरमुंदा, मेड़ेसरा, दनिया, अछोटी, देवरी, माटरा में खोलने की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए अनोखी पहल दुर्ग जिले में की गई है। जिले के 9 पंचायतों निकुम, अंडा, नगपुरा, मुरमुंदा, मेड़ेसरा, दनिया, अछोटी, देवरी, माटरा में महतारी सदन खोलने का निर्णय लिया गया है। जहां से महिलाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में काम शुरू किया जाएगा, उन्हें प्रेरित किया जाएगा। इतना ही नहीं उन्हें रोजगार से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां इन केंद्रों के माध्यम से दी जाएगी। इन महतारी सदनों में कमरे, बरामदा, हॉल, रसोई, स्टोररूम, पेयजल और सामुदायिक शौचालय जैसी सुविधाएं रहेंगी। जिला पंचायत सभाकक्ष जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे की अध्यक्षता में हुई बैठक में इसकी जानकारी दी गई। बैठक में पंचायतों में निर्माणाधीन भवनों के कार्यो में वाटर हार्वेस्टिगं निर्माण के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि इसे अनिवार्य किया गया है। 24 जुलाई को जल सरंक्षण के लिए 1200 सोक पीट एक सोख्ता संतान एवं एक पेड़ मां नाम अभियान के तहत 10,800 पौधे रोपण की जानकारी बैठक में दी गई।

### हर पंचायत में तैयार किए जाएंगे 4 सोख्ता पिट

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रत्येक ग्राम पंचायतों में 4 सोकता पीट तैयार किया जाएगा। महतारी सदन को लेकर बताया गया कि इसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। जहां महिलाओं को विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों के लिए एक मंच मिलेगा। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए एक साझा स्थान प्रदान करना है।



### स्वच्छग्राही को मानदेय और हफ्ते में दिन सफाई

बैठक में जानकारी दी गई कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छग्राही को माहवार मानदेय दिया जाएगा। सप्ताह में दो बार कचरा उठाया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर रिक्शा को संधारण करने की भी व्यवस्था होगी। फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट ब्लाक पाटन के रानीताराई में फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट को दुरुस्त करने कहा गया। पंचायत से सेप्टिक टैंक खाली कर संचालित करने कहा गया। बैठक में आकाश सोनी, पिताम्बर यादव, अरदीप ढीढी, वेदप्रकाश सहित अन्य मौजूद थे।

### इंटरनेट से जुड़ने पंचायतों में खुलेंगे अटल डिजिटल केंद्र

इंटरनेट से जुड़ने के लिए अटल डिजिटल केन्द्र खोले जाएंगे। दुर्ग के करंजा भिलाई, अण्डा, जेवरा, चिखली, चंदखुरी, नगपुरा, अंजोरा ख, धमधा के नांदिनी खुदनी, बरहापुर, मेड़ेसरा, दारगांव, नारधा, पाटन में सेलूद, झीट, जामगांव एम, पाहंदा अ में यह केंद्र खोले जा रहे हैं। इसकी प्रगाति के जानकारी ली गई।

**महिलाओं को रोजगार से जोड़ने दिया जा रहा प्रशिक्षण:** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान में स्व-सहायता समूह के दीदीयों के आजीविका में वृद्धि लेने के लिए चर्चा में कहा गया कि लखपति दीदी योजना के जरिए महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करती है। लखपति दीदी योजना के अंतर्गत अभिसरण के तहत लखपति कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, श्रम विभाग, खादी ग्राम उद्योग के व्यवसाय शुरू करने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया गया। बर्तन बैक, छाता एवं कपडा बेग निर्माण की जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा नीति और संस्कृत पर संगोष्ठी आज

दुर्ग। छत्तीसगढ़ संस्कृत शिक्षा सेवा संस्थान की दुर्ग जिला शाखा द्वारा आज संस्कृत शिक्षकों की संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। खालसा पब्लिक स्कूल मालवीय नगर चौक दुर्ग में दो सत्रों में आयोजित इस संगोष्ठी का विषय भारतीय ज्ञान परम्परा, शिक्षा नीति और संस्कृत रखा गया है। दोपहर एक बजे से सायं चार बजे तक जिले के संस्कृत आचार्य विचार विमर्श करेंगे। पूर्व संस्कृत प्रोफ़ेसर डॉ.महेशचन्द्र शर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे जबकि मुख्य वक्ता संस्था के प्रादेशिक सचिव डॉ.मनीष शर्मा होंगे। दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्र कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। जिले के समस्त शिक्षकों और व्याख्याताओं को उपस्थिति का निर्देश दिया गया है। आयोजक संस्था के दुर्ग जिला संयोजक आचार्य हेमन्त शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ संस्कृत सेवा संस्थान के प्रदेश सचिव डॉ.मनीष शर्मा राज्य में संस्कृत की परिस्थितियों और आगामी संस्कृत महोत्सव की तैयारियों पर भी प्रकाश डालेंगे। आने वाली 25 जुलाई से 9 अगस्त तक गरिमामय संस्कृत महोत्सव के आयोजन की तैयारियां भी चल रहीं हैं। दुर्ग जिला संयोजक आचार्य हेमन्त शर्मा ने सभी से अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का आग्रह किया है।

### बिजली बिल बढ़ोत्तरी वापस लेने की मांग को लेकर आदित्य नगर दुर्ग, ननकट्टी, उतई में भी प्रदर्शन

# पहले जिन घरों में औसतन 300 का बिजली बिल अब 1 हजार, कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग/भिलाई/उतई/पाटन

बिजली बिल में बेतहाशा वृद्धि और प्रदेश भर में हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेसियों ने गुरुवार को दुर्ग शहर, ग्रामीण और अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में बिजली दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया। कांग्रेसी घंटों धरने पर बैठे रहे। इस दौरान भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने जनता से अपील करते हुआ कहा कि जनता खुद देख ले कि भाजपा की सरकार की कथनी और करनी में कितना अंतर है। बिजली उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है।जबकि कांग्रेस की सरकार ने हाफ बिजली योजना लाकर पूरे प्रदेश को राहत देने की कोशिश की थी। वहीं भाजपा की सरकार जनता को लूटने का काम कर रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर यह धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर और दुर्ग अध्यक्ष गया पटेल के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि जिन घरों में पहले 300 रुपए तक बिजली बिल आ रहा था, आज वहां 1 हजार तक का बिल पहुंच रहा है।

### जनता बिजली बिल से त्रस्त, राहत नहीं, जनता हो रही परेशान



शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के बैनरतले आदित्य नगर में बिजली दफ्तर के बाहर कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में बिजली दरों में तीसरी बार वृद्धि की गई है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए कुल वृद्धि अब तक लगभग 19.6% हो चुकी है। हाल ही में 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि ने जनता की जेब पर सीधा असर डाला है। प्रदर्शन स्थल पर मौजूद कई आम नागरिकों ने बताया कि उन्हें पिछले महीने की तुलना में अधिक बिजली बिल आया है। प्रदर्शन के दौरान पूर्व महापौर आरएन वर्मा, राजेन्द्र साहू, दीपक दुबे, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, राजकुमार पाली, अलताफ अहमद, महिप सिंह भुवाल, अजय मिश्रा, राजकुमार साहू, प्रेमलता पोषण साहू, राजकुमार नारायणी, शहर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कन्या ढीमर, सत्यवती वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### पाटन में प्रदर्शन आज, पुलिस अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



पाटन। 18 जुलाई शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामगांव आर, पाटन के तत्वावधान में आंदोलन किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने आमजनता, किसानों,महिलाओं के हित के लिए कांग्रेस पार्टी हमेशा लड़ाई लड़ती आ रही है। अभी भाजपा सरकार द्वारा बिजली दर में बढ़ौतरी,बिजली कटौती के विरोध में पाटन, जामगांव(एम), अमलेश्वर, जामगांव(आर), रानीतराई, गाड़ाडीह विद्युत वितरण केंद्र में 11बजे कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों द्वारा धरना प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू,भेदप्रकाश वर्मा,संतोष पटेल उपस्थित थे।

### विद्युत वितरण केंद्र ननकट्टी और उतई में घंटों जमे रहे कांग्रेस के कार्यकर्ता



विद्युत वितरण केंद्र ननकट्टी और उतई में कार्यकर्ता घंटों जमे रहे। भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बिजली दरों में की गई बढ़ोत्तरी को वापस लिए जाने ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बिजली बिल की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराया। राकेश ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार के गलत नीतियों के चलते राज्य में



विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है। स्मार्ट मीटर के नाम पर आमजनता की जेब में डाका डाला जा रहा है। पहले जिनके घरों में 200 से 300 रुपए का बिल आता था। आज उनको 1 हजार तक बिजली बिल जमा करना पड़ रहा है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट, गैर घरेलू उपभोक्ता के लिये 25 पै. प्रति यूनिट बढ़ोत्तरी के साथ-साथ किसानों के कृषि विद्युत दर में भी 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोत्तरी की गई है। इस अवसर पर विक्रांत अग्रवाल, पुष्पा यादव, अशोक साहू, प्रदीप चंद्राकर, द्वारिका साहू, प्रहलाद वर्मा, दिवाकर गायकवाड़, पार्षद राकेश साहू, जामवंत ग़जपाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### 81 पंचायतों के सफाई कर्मियों स्वास्थ्य सुरक्षा किट का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

जिले के 81 पंचायतों को सफाई कर्मियों को स्वास्थ्य सुरक्षा किट का वितरण किया गया। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे ने 150 स्वच्छाग्राही को किट सौंपा। पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत घर-घर कचरा एकत्रीकरण कर रहे स्वच्छाग्रही समूह के सदस्यों का उन्मुखीकरण करते हुए किट प्रदान किया गया। इसे प्राथमिक उपचार के रूप में स्वच्छाग्रही द्वारा उपयोग किया जाएगा। स्वच्छाग्रहियों ने जानकारी दी कि 36 ग्राम में 1 दिन, 23 गांव में 2 दिन, 4 गांव में 3 दिन, 4 गांव में 6 दिन एवं 14 गांव में 7 दिन घर-घर कचरा एकत्रीकरण का कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा कुछ ग्राम पंचायतों में 05 से 06 माह से मानदेय नहीं दिया गया है, जिस पर बजरंग दुबे ने तत्काल भुगतान किये जाने के निर्देश दिए। प्रति स्वच्छाग्राही 5 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है। प्रतिवर्ष स्वच्छाग्रहियों को 15वें वित्त आयोग से 72 हजार रुपए मानदेय प्रदाय करने के लिए ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया है।

### जिले में अब तक 329.7 मिलीमीटर बारिश

दुर्ग। जिले में 1 जून 2025 से 16 जुलाई 2025 तक 329.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 421.3 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 257.0 मिमी. तहसील बोरी में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील धमधा में 276.9 मिमी दर्ज की गई है।



# शहर की व्यवस्था सुधारने और 27 तरह की सुविधाएं लोगों तक पहुंचाने दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के अध्यक्षता में भिलाई शहर की व्यवस्था में सुधार हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर जनदर्शन, निदान 1100, प्रधानमंत्री शिकायत, जलकर वसूली, मोर संगवारी योजना, जल प्रदाय, अवैध मकान निर्माण, गौठान, राजस्व आय, स्व-विवरणी में 5 गुणा वसूली, शिक्षण संस्थानो से टैक्स वसूली एवं नालियो के उपर से अतिक्रमण हटाने एवं शहर में वृहद वृक्षारोपण जैसे विषयों पर चर्चा की गई। स्वच्छता के क्षेत्र में पुरस्कार वितरण अंतर्गत रिवाल्विंग ट्रॉफी हेतु सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी, गैर सरकारी संस्था एवं समाजसेवियों को चयन समिति में शामिल किया जाएगा। भूमि विकास अधिनियम का पालन कड़ाई से करते हुये भवन अनुज्ञा प्रदान किया जाये और नाला एवं समीपस्थ निचले क्षेत्रों में निवास हेतु भवन अनुज्ञा जारी न हो। साथ ही जलकर वसूली एवं जल प्रदाय व्यवस्था को सुनियोजित तरीके से कराने का कार्य केन्द्रीयकृत किया जाये। मोर संगवारी योजना से मिलने वाले 27 प्रकार के सुविधाओं को नागरिकों तक पहुचाने का कार्य हेतु विशेष प्रचार-प्रसार किया जाये। गौठान संचालनकर्ता एजेंसी को बदला गया है, जिससे व्यवस्था में सुधार लाया जा सके। स्वेच्छानुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियो द्वारा प्रतिदिवस गौठान में पशुओं को मिलने वाले सुविधाओं का देख-रेख किया जायेगा जिसके लिये निगम के अधिकारी/कर्मचारी तैयार है।

### पर्यावरण व हरियाली के लिए निर्देश

भिलाई शहर की हरियाली एवं पर्यावरण के संरक्षण हेतु स्कूलो, शासकीय भवनों, उद्यानों एवं अन्य रिक्त स्थलों पर वृहद वृक्षारोपण कराने सभी जोन आयुक्त एवं अभियंतागणों को निर्देशित किए है। साथ ही पौधे जोन कार्यालय में रखा जाएगा, जिसे आम नागरिक आवेदन करके अपने सुरक्षा व्यवस्था करते हुये घरों एवं आस-पास रिक्त जगहो पर पौधा लगा सके। संपत्तिकर का वसूली हेतु डोर-टू-डोर सर्वे किया जाये। जिससे नये निर्मित मकानों/दुकानों का आंकलन किया जा सके, सर्वे का मुख्य उद्देश्य अनियमित, अवैध, अतिक्रमण मकानों एवं प्लाटो का टैक्स वसूली किया जाना है, जिससे निगम के राजस्व में वृद्धि हो।

### समीक्षा बैठक में आयुक्त ने दिए अफसरों को निर्देश



### राजस्व बढ़ोतरी के लिए दस्तावेज मुआयना

राजस्व वृद्धि के लिए कर वसूली हेतु नियम कर्मी या प्लेसमेंट को नियोजन कर वसूली किया जाने पर विचार किया जा रहा है। निगम स्वामित्व एवं राजस्व भूमि का मुआयना कर दस्तावेजीकरण करना है। नालों-नालियों में अतिक्रमण को बिना नोटिस दिए हटाया जाएगा। अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही की जावेगी एवं निर्यात कर की वसूली को प्राथमिकता दी जायेगी। निगम की संपत्तिकर हेतु स्व-विवरणी अनुसार 154 घरों की मौके पर जांच की गयी जिसमें जमा किये गये दस्तावेज मिलान करने एवं परीक्षण पश्चात 10 घरों की गलत जानकारी पायी गई जिसे 5 गुणा शास्ति शुल्क वसूल किया जाने की कार्यवाही हेतु नोटिस जारी किया है। गोकुल नगर योजना कुरूद में पशुपालको को आबंटित भूमि का नियमानुसार प्रक्रिया कर रजिस्ट्री कराया जाना है। जो पशुपालक बिना अनुमति के अन्य व्यक्तियो को जमीन विक्रय किये है ऐसे पशुपालको का आबंटन निरस्त किया जायेगा। हो समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य अभियंता भागीरथी वर्मा, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, अजीत कुमार तिग्गा, जोन आयुक्त एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### उतई में बनेगा इंडोर स्टेडियम, रिसाली में सड़क

**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के उतई में इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। वहीं रिसाली में नई चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाएगा। विधायक ललित चंद्राकर ने बताया कि उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 21.41 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की मंजूरी दी है। नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत नगर पंचायत उतई वार्ड एक उमरपोटी रोड में इंडोर स्टेडियम की स्वीकृति दी है। करीब 2 करोड़ रुपए इस पर खर्च किए जाएंगे। इसी प्रकार मैत्री कुंज से मधुरिशा आजाद चौक कृष्णा टाकीज रोड एवं श्री राम चौक से बालाजी अपार्टमेंट तक सड़क निर्माण के लिए 19.41 करोड़ की स्वीकृति मिली है।



## निधन

### अशोक सुर्यवंशी

**अंडा।** ग्राम विनायकपुर निवासी अशोक सुर्यवंशी 66 वर्ष का आकस्मिक निधन 16 जुलाई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तीधाम में किया गया। वे पूर्व सरपंच मीना सुर्यवंशी के पति व जासल सुर्यवंशी के पिता थे।



## गड़बड़ी : पाटन स्वास्थ्य केंद्र में नसबंदी के लिए पैसे मांगने का मामला

# सरकारी डॉक्टर पर रिश्वत लेने का आरोप, स्वास्थ्य मंत्री तक शिकायत

### सीएमओ को भी दी गई जानकारी, हस्तक्षेप की उठी मांग, मामले में होगी जांच





हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पाटन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक बार फिर शर्मनाक करने वाली खबर सामने आई हैं जिसमें अस्पताल के डॉक्टर जो अस्पताल में पदस्थ है। वहीं डाक्टर द्वारा इलाज कराने नसबंदी के नाम से चार हज़ार रुपए मरीज के परिजनों से रिश्वत की मांग की। पाटन ब्लॉक के ग्राम पंचायत तेलीगुण्ड्रा निवासी पिंटू यादव की पत्नी पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नशबंदी कराने को आई जिसे डॉक्टर के द्वारा नसबंदी करने की एवज में चार हज़ार की रिश्वत माँगी।

वहीं इनकी जानकारी होने पर पाटन नगर पंचायत के पार्षद मनोज कुर्रे, नेता प्रतिपक्ष आभाष दुबे, सरजू साहू, नीरज सोनी ने तत्काल पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा और मरीज से चर्चा करते हुए पूरे घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया की वर्तमान में बीजेपी की शासन है जिसमे मरीजों से रिश्वत लिया जा रहा है।

पाटन नगर पंचायत एक प्रसिद्ध नगर पंचायत और विधानसभा के रूप में देखा जाता है और ऐसे स्थिति में अस्पताल के पदस्थ डाक्टर की लगातार शिकायते मिलती आती रहती है। मरीजों को महंगा दवाई लिखना, मरीजों को बाहर से दवाई लिखकर प्राइवेट मेडिकल से दवाई की खरीदी करने को बोला जाता है। वहीं इस मामले में जब फोन किया गया तो सीएमएचओ दुर्ग डॉक्टर मनोज कुमार दानी द्वारा फोन का कोई जवाब नही दिया गया। वहीं इस मामले में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से बात किया गया तो उनके पीए द्वारा फोन उठाया गया और कहा कार्रवाई करवाते है और अभी सर से बात नहीं हो पाएगी।

### पार्षदों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग, अन्यथा उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

पार्षदों में भारी गुस्सा देखने को मिला कि अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर के द्वारा ऐसे मरीजों के प्रति लापरवाही बरतने के मामले सामने आए है जिससे अस्पताल प्रबंधन के ऊपर और डाक्टर को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करना चाहिए। जाहिर है कि चपरासी से लेकर बड़े डाक्टर तक मिलीभगत का खेल खाला जा रहा है। जब इस मामला में नगर पंचायत पाटन के नेता प्रतिपक्ष आभाष दुबे ने बीएमओ से पूछा गया तो एक टुक में अपनी पल्ला झाड़ते हुए बोला लिखित में शिकायत मिलने पर कार्रवाई करता हू ऐसी घटना बार-बार मिलने पर अब तक कार्रवाई क्यों नही हुई है। वहीं मामला को रफा दफा करने में अधिकारी लगे हुए हैं अगर उचित कार्रवाई नहीं होगी तो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को ज्ञापन देने जाएंगे और इस डॉक्टर को तत्काल हटाने की मांग करेंगे।




## स्वच्छ भारत मिशन में बने शौचालय का नहीं हो रहा उपयोग, लगा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने सार्वजनिक शौचालय का उपयोग नहीं हो रहा है। यहां ताला लगा हुआ है। नगर के हृदय स्थल बाजार चौक में बने सार्वजनिक शौचालय का उपयोग आम नागरिक नहीं कर पा रहे है।

बाहर से आने वाले लोग नगर में बने शौचालय का उपयोग नहीं कर पाते। साप्ताहिक बाजार के दिन लोग निस्तारी के लिए उधर उधर भटकते रहते है। वही रोज हटरी भी लगती है। लोग जानना चाहते हैं कि आखिर इस सार्वजनिक शौचालय में क्या कमी है, क्या नहीं है, उस पर सुधार क्यों नहीं किया जा रहा है? इस पर नवनर्विाचित जनप्रतिनिधि और पालिका प्रशासन ध्यान नहीं दे रहे है।

आस पास के लोगों का कहना है कि जब से शौचालय का निर्माण हुआ है तब से उपयोग में नहीं आया है। निस्तारी के लिए उधर उधर भटकना पड़ता है। जिस पर स्थानीय प्रशासन मौन साधे हुए है। वही जनप्रतिनिधियों ने इस पर चुप्पी साध ली है।

## सीएमए फाउंडेशन परीक्षा में सफल हुए मानस



**जामगांव आर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर के छात्र मानस चंद्राकर पिता गणेश चंद्राकर ने सीएमए फाऊंडेशन की परीक्षा प्रथम प्रयास में ही सफलता हासिल की है। उन्होंने सत्र 2024 /25 में कक्षा 12वीं की परीक्षा वाणिज्य संकाय से 79 फीसदी अंक से उत्तीर्ण कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। मानस चंद्राकर ने सीएमए फाउंडेशन की परीक्षा विद्यालय के वाणिज्य शिक्षकों के मार्गदर्शन में बिना किसी अतिरिक्त कोचिंग अथवा कक्षा के अपने खुद की ही स्वाध्याय और तैयारी से की है। विद्यालय परिवार एवं गांव में हर्ष व्याप्त है। उक्त जानकारी विद्यालय प्रतिनिधि हरीश देशप्यारे ने दी।

## बिजनेस साइट

### सहेली ज्वेलर्स गांधी चौक दुर्ग में द बिगेस्ट गोल्ड चेन फेस्टिवल का लें आनंद



**दुर्ग।** सहेली ज्वेलर्स के गांधी चौक दुर्ग, सिविक सेंटर भिलाई और बीएसपी मार्केट रिसाली स्थित शो रुम में 11 जुलाई से शुरू हुए 'द बिगेस्ट गोल्ड चेन फेस्टिवल' में गोल्ड चेन की अद्भुत कलेक्शन ग्राहकों के लिए पेश किया गया है। 27 जुलाई तक चलने वाले इस 'द बिगेस्ट गोल्ड चेन फेस्टिवल' में सभी आभूषणों के मेकिंग चार्जेज 5.5% शुरू हैं इसके साथ ही गोल्ड और डायमंड ज्वेलरी पर 100% एक्सचेंज के साथ डायमंड ज्वेलरी मेकिंग चार्जेस पर 100% तक की छूट दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि सहेली ज्वेलर्स के तीनों शो रूम में ट्रेडिशनल और मॉडर्न डिजाइन के हैवी और लाइट वेट ज्वेलरी सोने, हीरे, चांदी सहित कुंदन, पोलकी, डायमंड, जड़ाउ, टेम्पल ज्वेलरी के मनमोहक और लेटेस्ट डिजाइन के आभूषणों के साथ शो रूम में चेन और मंगलसूत्र के आकर्षक और लेटेस्ट डिजाइन के साथ ही बैंगल्स, ब्रेसलेट, रिंग्स, नेकलेस आदि का संग्रह उपलब्ध है। इसके साथ ही 100 प्रतिशत आईजीआई प्रमाणित डायमंड, गोल्ड की शुद्धता को मापने के लिए कैरोटोमीटर की सुविधा ग्राहकों को दी जाती है। 'द बिगेस्ट गोल्ड चेन फेस्टिवल' में सभी प्रकार के पारंपरित और डिजाइनर चेन की खरीदारी के लिए सहेली ज्वेलर्स के गांधी चौक दुर्ग, सिविक सेंटर भिलाई और बीएसपी मार्केट रिसाली स्थित शो रुम में विजिट किया जा सकता है।

### ओम ज्वेलर्स को मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा **huid** पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## कुम्हारी ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में लहराया परचम, 10367 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर

**कुम्हारी।** कुम्हारी शहर ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। गुरुवार को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में देश के राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री अरुण साव को यह सम्मान प्रदान किया ,साथ ही नगरपालिका अध्यक्ष मीना वर्मा एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर भी मंच पर उपस्थित रहे। कुम्हारी को 20 हजार से 50 हजार जनसंख्या श्रेणी में 10367 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही, कुम्हारी शहर को 'गार्बेज फ्री सिटी' श्रेणी में 3-स्टार का दर्जा भी मिला है, जो इसकी स्वच्छता की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कुम्हारी नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर, उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, और स्वास्थ्य विभाग की श्रीमती लता साहू ने सभी नगरवासियों को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री अरुण साव को इस उपलब्धि के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस सफलता का श्रेय कुम्हारी नगर के पार्षदों, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडरों, पालिका अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों के अथक प्रयासों को दिया गया।



## विनायकपुर में 15वें वित्त आयोग से मिली राशि से सीसी रोड निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम विनायकपुर वार्ड नंबर 6 में सीमेंटेड कंक्रीट (सीसी) रोड का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह परियोजना 15वीं वित्त आयोग के अंतर्गत वित्तीय सहायता से संचालित की जा रही है। इस कार्य का उद्देश्य गाँव के परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करना और निवासियों को बेहतर यातायात सुविधा प्रदान करना है।

इस निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए ग्राम पंचायत विनायकपुर के सरपंच योगेंद्र दिल्लीवार ने कहा, ₹यह परियोजना गाँव के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल सड़क की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि गाँव के लोगों के जीवन स्तर में भी सुधार होगा।₹ उन्होंने बताया कि इस सीसी रोड के निर्माण के लिए आवश्यक सभी संसाधनों को जुटाया गया है और कार्य जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है।

वार्ड क्र. 6 में मौजूद क्षेत्रीय जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर ने भी इस परियोजना के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ₹हमारे गाँव को बेहतर बुनियादी ढाँचे की आवश्यकता थी। सीसी रोड का निर्माण निश्चित रूप से हमारे गाँव के विकास में मदद करेगा। यह न केवल निवासियों के लिए, बल्कि व्यापारियों और आगंतुकों के लिए भी लाभकारी होगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के पंचगण जैसे श्रीमती लतेश्वरी साहू, जनक साहू, दिनेश देशमुख, जगन्नाथ देवांगन, दिलीप चंद्राकर, चिंताराम साहू, नरहरी धीवर, डोमेन्द्र साहू, नीलम साहू, युवराज सेन और यशवंत देवांगन भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस विकासात्मक परियोजना का स्वागत किया और इसके सफल कार्यान्वयन की कामना की।



## नालियों के ऊपर से 40 घरों का हटाया अतिक्रमण

**भिलाई।** अतिवृष्टि को देखते हुए बरसाती पानी निकासी हेतु नगर निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित नालों एवं नालियों के उपर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की है। जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर अंतर्गत वार्ड 41 औद्योगिक क्षेत्र छावनी में लगभग 40 से 50 स्थानीय नागरिको द्वारा अपने घरों के सामने नाली के उपर अतिक्रमण कर लिया गया था। जिसका स्थल निरीक्षण कर जोन क्रंमांक 4 राजस्व, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम द्वारा जे.सी.बी. के माध्यम से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। साथ ही स्ट्रीट फूड कंपनी के बगल से नाली गया है, जिसे कंपनी संचालक द्वारा स्लैब डालकर कब्जा किया गया था, उसे भी हटाया गया।

स्थानीय नागरिको एवं प्रतिष्ठान संचालकों द्वारा नालियों के उपर अतिक्रमण किये जाने के कारण साफ-सफाई कार्य करने में असुविधा होती है। नालों एवं नालियो की सफाई नहीं होने के कारण पानी का बहाव अवरूद्ध होकर मार्गो में बहने से निचले घरों में पानी भर जाता है।

## नगर पंचायत धमधा के जिम्मेदारों से की शिकायत का भी असर नहीं

# लाखों की राशि खर्च कर बना कृष्ण कुंज अतिक्रमण की चपेट में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

वार्ड नंबर 8 में उजरवा तालाब के पास स्थित कृष्ण कुंज गार्डन बदहाली का शिकार हो गया है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमन लाल यादव ने बताया कि यहां छत्तीसगढ़ शासन की लाखों रुपयों की स्वीकृति राशि लगी हुई है जिसमें अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा लगातार गार्डन में लगे टाइल्स, चेकर, दीवारों को एवं पेड़ पौधों को तोड़कर अतिक्रमण किया जा रहा है। वार्ड के पार्षद डोमार सोनकर एवं नगर के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा कई बार लिखित शिकायत की गई। वहीं सोशल मीडिया व्हाट्सएप के माध्यम से और मौखिक शिकायत भी नगर पंचायत कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को दी गई है। इसके बावजूद इस मामले में आज तक कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। वहीं नगर पंचायत धमधा में नगर के सौंदर्यीकरण के लिए यह कृष्ण कुंज गार्डन बनाया गया क्योंकि आज की स्थिति में अतिक्रमण कार्यों का स्थान एवं सामाजिक तत्वों का ठिकाना बन चुका है लोगों के शराब पीने का अड्डा बन चुका है। वही वार्ड वासियों एवं वरिष्ठ जनों द्वारा आवेदन लगाकर अतिक्रमण हटाने की मांग की गई है।

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमनलाल यादव ने बताया कि उक्त अतिक्रमणकारियों पर नगर पंचायत द्वारा कार्रवाई नहीं की गई तो आम जनों के द्वारा मुख्य नगरपालिका अधिकारी इंजीनियर एवं कर्मचारियों का घेराव धरना प्रदर्शन किया जाएगा। एक तरफ नगर पंचायत द्वारा आजकल बिना नोटिस दिए अतिक्रमण हटाया जा रहा है और दूसरी और पूरे वार्ड वासियों के और नगर के लोगों के लिए बना यह कृष्ण कुंज गार्डन में अतिक्रमण पर कोई नकेल नहीं कसी जा रही है जो कि सीधे नगर प्रशासन के कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है।

## खबर संक्षेप



### ओए पदाधिकारियों ने की डीआईसी से सौजन्य भेंट

**भिलाई।** ओए-बीएसपी के पदाधिकारियों ने निदेशक प्रभारी सीआर महापात्रा से पदभार ग्रहण के बाद भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस संक्षिप्त भेंट में मप से संयंत्र के उत्पादन, सुरक्षा अधिकारियों के मुद्दों तथा भिलाई की वर्तमान स्थिति को और बेहतर पर चर्चा की हुई।निदेशक प्रभारी के सभागार में ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर के नेतृत्व में महासचिव परविन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष तुषार सिंह, सचिव द्वय संजय कुमार तिवारी, ज्योति प्रकाश शर्मा उपस्थित थे।

### यूनियन प्रतिनिधियों ने महापात्रा से की भेंट



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की विभिन्न यूनियनों के पदाधिकारियों ने बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज सीआर महामात्रा से उनके इस्पात भवन के कान्फ्रेंस हाल में सौजन्य भेंटकर गुलदस्ते से भावभीना स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। प्रतिनिधि मंडल में इंटक के जीएस वंश बहादुर सिंह, शिवशंकर सिंह, रमाशंकर, एचएमएस के अध्यक्ष हरीराम यादव, जीएस पीके मिश्रा, सीटू के जीएस जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी व श्री जांगड़े, रघुवर गोड़,कृष्णबलरम यादव, एटक के विनोद कुमार सोनी,श्री मिश्रा, स्टील वर्कर्स यूनियन के संजय गुप्तास लोइमू के जीएस सुरेंद्र मोहंती आदि यूनियनों के पदाधिकारियों ने बधाई दी ।

### रोजगार मेला

**उतई।** प्रिज्म ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स, महकाखुर्द की ओर से उड़ान'रोजगार मेला (ओपन कैंपस प्लेसमेंट कैंप) का आयोजन 8 से 12 जुलाई तक किया गया। लगातार तीसरे वर्ष युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। पांच दिवसीय इस आयोजन में 45 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थाओं ने नियोक्ता के रूप में भाग लिया।

## उम्मीद : से.9 हॉस्पिटल में जल्द बढ़े डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टॉफ, रेलमिल को मिले गति

# बीएसपी के नए मुखिया ने संभाली कमान, कर्मियों व अधिकारियों के लंबित मुद्दों का निराकरण बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सेल के सिरमौर भिलाई इस्पात संयंत्र के नए मुखिया से इस्पात नगरी को नई उम्मीद बंधी है। बीएसपी के हजारों कर्मचारियों, अधिकारियों और ठेका मजदूरों के मुद्दों के साथ टाउनशिप और प्लांट की समस्याओं के निदान में तेजी आने की आशा की जा रही है। यूनियनों और ओए को उम्मीद है कि सादगीपसंद और स्मार्ट वर्किंग के लिए जाने जाने वाले अनुभव में पगे नवनियुक्त डायरेक्टर इंचार्च पीसी महापात्रा विरासत में मिली चुनौतियों को अवसरों में बदलते हुए प्राथमिकता से इनका समाधान निकालेंगे। वहीं भिलाई की फौलादी कार्य संस्कृति और उपलब्धियों की परंपरा को और समृद्ध करेंगे। उल्लेखनीय है कि बीएसपी में 5 साल तक डायरेक्टर रहे अनिर्बान दासगुप्ता के रिटायर होने के बाद बोकारो में ईडी वर्क्स रहे चितरंजन महापात्रा ने भिलाई इस्पात संयंत्र के डीआईसी की जिम्मेदारी संभाल रही है। 6 माह पूर्व रिटायर हुए श्री दासगुप्ता से नए मुखिया को जहां उत्पादन उत्पादकता व कार्य संस्कृति के रुप में कई उपलब्धियां मिली हैं वहीं समस्याओं की चुनौतियां भी मिली हैं। भिलाई बिरादरी का मानना है कि नए डीआईसी अपने लंबे टेक्नोक्रेटेबल अनुभव और प्रबंधकीय कौशल से अपने करीब दो साल के कार्यकाल में सेल की ध्वजवाहक व भिलाइयंस को ऐसी समृद्ध विरासत सौंप सकते हैं,जो सेल के सभी संयंत्रों के लिए एक नजीर बन सकती है। श्री महापात्रा से सौजन्य भेंट के दौरान ओए,यूनियनों आदि विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों कुछ इसी तरह की उम्मीद जताई। बीएसपी के डीआईसी सेल बोर्ड के अहम मेंबर भी हैं, इस नाते वे 11 हजार कर्मियों की सबसे बड़ी व 5 साल से लंबित समस्या अपूर्ण वेतन समझौता को पूर्ण कराने यानी 39 महीने के लंबित एरियर्स व भत्तों आदि के त्वरित निदान के लिए उच्च प्रबंधन से आग्रह कर सकते हैं। वहीं कीर्तिमानी उत्पादन में महती भूमिका निभाने वाले कर्मियों की 1997 की इंसेटिव स्कीम को 07 में रिन्यू करने के बाद उत्पादन लक्ष्य तो बढ़ा दिया लेकिन पुरानी इंसेटिव राशि 3218 रुपए ही कर्मियों को मिल रही है। टाउनशिप की सुंदरता को प्रभावित करने वाले बेजा कब्जे व अवैध निर्माण पर रोक लगाए जाने की उम्मीद है।



### प्लांट का लंबित एक्सपांशन

सेल के 30 से 35 मिलिटन टन विस्तार योजना के तहत सेल की ध्वजवाहक इकाई बीएसपी की बड़ी भूमिका होगी। लेकिन बीएसपी का एक्सपांशन प्रोजेक्ट पिछले 5 साल से लंबित है। इसमें अभी सिर्फ नई रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल की सेल ने हरी झंडी दी है। इसकी प्रारंभिक प्रक्रिया शुरु हुई है। आशा की जा रही है कि बीएसपी के उत्पादन को 7 मिलिटन टन से 15 मिलिटन टन के लक्ष्य के लिए नए मुखिया जल्द एक्सपांशन शुरु कराने व नई यूआरएम को गति दिलाने में अहम किरदार निभाएंगे। वहीं प्लांट में सड़कों की मरम्मत, कैंटीन सहूलियतें, सेफ्टी के अधिक फोकस होगा।

### फिर से चमके टाउनशिप

एक दशक से टाउनशिप की चमक बेहद फीकी हो रही है। 60 साल पुरानी टाउनशिप में बुनियाद सुविधाओं आवासीय, सीपेज, बिजली, पेयजल सीवेज, क्रास स्ट्रीटें, नाली, मार्केट, सफाई बेकलेन, मार्केट आदि समस्याओं में इजाफा होने से रहवासी संयंत्रकर्मी व परिवार परेशान है। वहीं 10 साल पूर्व तक सेंट्रल इंडिया का सबसे बेहतर अस्पताल माना जाने वाला पं. जवाहरलाल नेहरु अस्पताल से. 9 डांक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ व सेवाओं आदि की कमी के चलते गंभीर मरीजों को बाहर के अस्पतालों में रिफर करना पड़ रहा है। हेल्थ सेंटर भी अपडेट किए जाने की जरुरत है।

### रिवार्ड स्कीम प्रजेंशन अवार्ड स्कीम बंद, इसे शुरू करने से मिलेगा प्रोत्साहन

एचएमएस के महासचिव पीके मिश्रा बताते हैं कि रिवार्ड स्कीम प्रजेंशन एवार्ड स्कीम बंद है। फिर से शुरु कर पूर्व की तरह सोडेक्सो कूपन व ग्लास कटोरी आदि बर्तन वर्कर्स को मिलें। इंटक के महासचिव वीबी सिंह बताते हैं कि बीएसपी कर्मियों को टाउनशिप में सब्जेक्ट टू बेकेशन के साथ लायसेंसी आवास मिलने से राहत मिलेगी। वहीं दो बड़े मैरिज हाल निर्माण की दरकार है। कर्मियों के अलावा अधिकारियों की बढ़ी उम्मीदों के तहत 2008 व 2010 बैज के अधिकारियों को पिछले 15 साल से मिल रहे कम वेतन की विसंगित दूर किए जाने की आशा है। वहीं एमटीटी आदि ज्वाइन करने वालों को 4 साल में प्रमोशन मिलता है पर प्रमोटी अधिकारी को पदोन्नति में 6 साल लग जाते हैं। अधिकारियों की लंबित मांग है कि ई-1 से ई-5 तक प्रमोशन में 100 प्रति. कवरेज हो लेकिन ई-2 से 3, ई-4 से ई-5 व ई- 6 तक मुश्किल से प्रमोशन 60 से 65 प्रति. ही दिया जा रहा है, नए डीआईसी व बोर्ड मेंबर इन विसंगितों को जल्द दूर किए जाने की उम्मीद अधिकारी कर रहे हैं।

### बीएसपी के नवनियुक्त निदेशक प्रभारी महापात्रा ने कार्यभार संभाला

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नवनियुक्त निदेशक प्रभारी चितरंजन महापात्रा गुरुवार को इस्पात भवन स्थित अपने कार्यालय पहुंचे। उन्होंने निदेशक प्रभारी सभागार में कार्यपालक निदेशकों के साथ बैठक की। श्री महापात्रा ने संयंत्र के निष्पादन की समीक्षा की और इसके बाद संयंत्र का भ्रमण किया। वरिष्ठ प्रबंधन की बैठक में संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं) एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) एके चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक (खदान) बिपिन कुमार गिरी, कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डां. रवींद्रनाथ एम, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक (रावघाट) अरुण कुमार उपस्थित थे। ऑफिसर्स एसोसिएशन और अन्य श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने चितरंजन महापात्रा से सौजन्य भेंट कर स्वागत किया। संयंत्र भ्रमण के दौरान महापात्रा संयंत्र के कोक ओवन बैटरी 5 और 6 पहुंच निरीक्षण किया और संयंत्र के प्रचालन की जानकारी ली। संयंत्र भ्रमण में निदेशक प्रभारी के साथ कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राकेश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (एमएंडयू) बीके बेहेरा, प्रणय कुमार आदि मौजूद थे।



## पुलिस ने चलाया अभियान, 92 नशेड़ियों के खिलाफ कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

दुर्ग पुलिस नशाखोरी और अड्डेबाजी को कम करने के लिए लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने बीती रात भी अभियान चलाकर जगह जगह छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने 92 नशेड़ियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने 16 जुलाई की शाम 6 बजे से लेकर देर रात 12 बजे तक एक टीमें गठित कर पेट्रोलिंग की। पुलिस ने इस दौरान अड्डेबाजी और सार्वजनिक स्थलों पर शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। यह अभियान पुलिस अधीक्षक दुर्ग, भिलाई नगर, छावनी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पाटन और धमधा के नेतृत्व में चलाया गया।

- अभियान चलाकर की गई छापेमारी
- उतई में सबसे ज्यादा पकड़े गए नशेड़ी

पुलिस की टीम ने इस दौरन थाना खुर्सीपार में 3, थाना भिलाई नगर क्षेत्र में 6, भिलाई भट्टी में 1, नेवई में 1, सुपेला में 4, वैशाली नगर 1, थाना मोहन नगर में 6, पद्मनाभपुर में 4, पुलगांव में 6, अंजोरा 1, पाटन में 9, रानीतराई में 9 जामगांव आर 1 अंडा 5, अमलेश्वर 7, मचांदुर 5 उतई 9, थाना धमधा में 6, नन्दिनी 8 सहित कुल 92 व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। पुलिस ने अड्डेबाजी के लिए स्पॉट बनने वाले होटल, ढाबा, ठेला और दुकानों को बंद करने की हिदायत दी है और कहा कि यह अभियान लगातार आगे भी जारी रहेगी।

# उद्योगों के केमिकलयुक्त पानी की जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार क्षेत्र का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के साथ जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे निरीक्षण किया। वार्ड क्रं. 41 राजीव नगर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में संचालित उद्योगो में जल निकासी व्यवस्था एवं उद्योगों के केमिकलयुक्त पानी से बनी समस्या का अवलोकन किए। औद्योगिक क्षेत्र में बीईसी चौंक के समीपस्थ पावर ग्रीड में जल निकासी हेतु निरीक्षण किया। निरमा फैक्ट्री, के. एल. इंजीनियरिंग वर्क, सीस्कोल इण्ड्रस्टिज, चंदना कंपनी के अंदर जाकर अवलोकन किया गया। फैक्ट्री से निकलने वाले केमिकलयुक्त पानी का जांच की गई। समीप क्षेत्र में स्थानीय नागरिकों द्वारा नाली के उपर अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया गया है, जिसके कारण नालियों की सफाई ठीक से नहीं हो पा रही है और सफाई कर्मियों को परेशानी होती है। अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही करने सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू को निर्देशित किए हैं।

- नालियों में केमिकलयुक्त पानी न बहे ऐसी व्यवस्था करने की दी हिदायत

लाइट इंडस्ट्रियल क्षेत्र लक्ष्मण नगर में संचालित हो रहे अवैध खटालों का निरीक्षण किया गया। खटाल संचालकों द्वारा सड़क पर गंदगी फैला दिया जा रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों को बदबू का सामना करना पड़ रहा है। इन खटालों को लक्ष्मण नगर से हटाकर गोकुल नगर में शिफ्ट करने निर्देशित किया गया है। शासकीय हित में उपयोग हेतु निगम स्वामित्व के भूमि का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्ड 41 की पार्षद वीणा चंद्राकर, कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, जोन स्वास्थय अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव उपस्थित रहे।

# हाइवे पेट्रोलिंग की सतर्कता से बची घायल की जान, समय पर पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

दुर्ग जिले के कुम्हारी पावर ग्रिड के पास हुई सड़क दुर्घटना में घायल को हाइवे पेट्रोलिंग 4 ने तुरंत पहुंच कर अस्पताल पहुंचाया। समय पर घायल को इलाज मिलने से उसकी जान बच गई। एएसपी ट्रैफिक ट्रैफिक ऋचा मिश्रा ने बताया कि हाइवे पेट्रोलिंग के जवान काफी अच्छा काम कर रहे हैं। उनकी लगातार सही पेट्रोलिंग के चलते सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों को समय पर उपचार मिल जा रहा है।

- हाईवे पर लोगों की मदद के लिए दौड़ रहे वाहन
- मवेशियों के गले में बांधी जा रही रेडियम पट्टी

उन्होंने बताया कि हाइवे पेट्रोलिंग 4 ने अपनी सूझबूछ के चलते दुर्ग से अंजोरा के बीच 76 घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाया और उनकी जान बचाई है। इतना ही नहीं 15 गंभीर मरीजों को उपचार के लिए रायपुर पहुंचाने के लिए ग्रीन कोरिडोर बनाया है।

**अब तक अभियान चलाकर 76 लोगों की बचाई जान**





### हाइवे पेट्रोलिंग 4 ने बचाई घायल की जान

16 जुलाई को दुर्ग से रायपुर मार्ग में एक स्कूटी चालक सीजी 07 सीक्यू 0277 कुम्हारी पावर ग्रिड के पास अनियंत्रित होकर गिर गया था। हाईवे पेट्रोलिंग 4 सूचना मिलते ही वहां पहुंची। घायल को गाड़ी से तुरंत नजदीकी हास्पिटल पहुंचाया। मरीज की जान बच गई।

### मवेशियों के गले में बांध रहे रेडियम पट्टी

पेट्रोलिंग करने के दौरान ट्रैफिक पुलिस के जवान सडक में खड़े रहने वाले मवेशियों की जान बचाने और दुर्घटना को कम करने के लिए उनके गले में रेडियम पट्टी भी बांध रहे हैं। इससे रात के समय वाहन चालक रेडिम पट्टी की चमक से यह जान जाएगा कि सड़क में कोई जानवर है। इससे वो समय पर वाहन को धीमा कर लेगा और दुर्घटना से बच सकेगा।

# दूसरे दिन भी रहा सीएचसी, पीएचसी में कामकाज प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

## एनएचएम स्वास्थ्य कर्मी प्रदर्शन करने गए रायपुर

जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में गुरुवार को स्वास्थ्य सेवाएं आंशिक रूप से प्रभावित रही। अस्पतालों में से 850 एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारी आंदोलन करने रायपुर रवाना हो गए। जिसकी वजह से सरकारी अस्पतालों में पूरे स्टॉफ से काम नहीं हो पाया। सबसे ज्यादा प्रभावित उप स्वास्थ्य केंद्र और आंगनबाड़ी केंद्र भी रहे। जहां पर नियमित टीकाकरण के लिए महिलाएं अपने बच्चों को लेकर आई और वापस लौटी।



### अर्बन एरिया में बच्चों की जांच नहीं

अर्बन एरिया के श्रमिक बस्तियों में जाकर आंगनबाड़ी केंद्रों व स्कूलों में एनएचएम स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाती है। लेकिन उनके हड़ताल पर चले जाने की वजह से यहां बच्चों की जांच नहीं हो पाई। इसी तरह रूरल एरिया में भी इसी तरह की समस्याएं आई।

### अस्पताल से लौटे ये मरीज

जिला व सिविल अस्पताल सुपेला में दूसरे दिन भी टीबी रोग यूनिट बंद रहा। श्रवण जांच केंद्र भी बंद रहा। जिला बाल रोग निदान केंद्र भी नहीं खुला। अस्पताल प्रबंधन ने बीपी, शुगर की रेगुलर जांच के लिए रेगुलर स्टॉफ की ड्यूटी लगाई। दंत रोग विभाग में भी असिस्टेंट गायब रहे। जिससे ओटी का काम रूका रहा।

### घेराव के पहले ही रोक दिए गए आंदोलित कर्मी

एनएचएम स्वास्थ्य कर्मियों को विधानसभा घेराव करने के पहले ही रोक लिया गया। यहां स्वास्थ्य सचिव व एसडीएम को ज्ञापन दिया गया। जिला अध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा, हिमांशु चंद्राकर आदि ने बताया कि प्रदेश के सभी 33 जिलों से 16 हजार से अधिक एनएचएम स्वास्थ्य कर्मी हैं।ज्ञापन में कहा है कि यदि मांगे 15 दिनों में पूरी नहीं हुई जो अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

### वृत्ताकार सहकारी समिति को मिला प्रथम पुरस्कार



**उतई।** उतई की वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित को छग स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर नाबार्ड के द्वारा पुरुस्कार दिया गया है। 44 वें स्थापना दिवस पर उतई की वृहत्ताकार समिति को सर्वश्रेष्ठ पैक्स -वित्तीय प्रदर्शन के क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ हैं।

### चाचा ससुर पर चाकू से हमला,आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग।** दुर्ग जिले के रुआबांधा बस्ती में तेरहवीं कार्यक्रम के दौरान एक युवक ने अपने ही चाचा ससुर के ऊपर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दुर्ग पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सुरेश सेट्ठी (48 साल) रुआबांधा बस्ती का रहने वाला है। उसने भिलाई नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि बुधवार सुबह 11.00 बजे वो अपने मामा सीनू कंडरा के घर रुआबांधा बस्ती में तेरहवीं कार्यक्रम में था। वहां सीनू कंडरा का दामाद राजनांदगांव के चिखली का निवासी चंदन उड़के भी आया हुआ था। कार्यक्रम में आते ही वो झगड़ा करने लगा। धारदार चाकू से मूर्ति के उपर प्राणधातक हमला कर दिया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## प्राकृतिक आपदा से निपटने जवानों को दिया गया प्रशिक्षण

**बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित पहुंचाने दी गई ट्रेनिंग**

# एसडीआरएफ दुर्ग और बेमेतरा ने चलाया संयुक्त ऑपरेशन, बाढ़ से बचाव के लिए किया मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



बारिश के मौसम में बाढ़ से बचाव के लिए एसडीआरएफ दुर्ग और बेमेतरा की टीम ने संयुक्त रूप से मॉकड्रिल किया। इस दौरान कलेक्टर, एसएसपी और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

जिला सेनानी और अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को दुर्ग और बेमेतरा जिले के एसडीआरएफ के जवानो ने संयुक्त रूप से मॉकड्रिल ऑपरेशन चलाया। उनकी तैयारी को देखने के लिए खुद बेमेतरा कलेक्टर और एसपी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे थे। अभ्यास के दौरान जवानो ने विभिन्न प्रकार के बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया। उन्होंने मॉकड्रिल करके बताया कि वो किस तरह से बाढ़ में फंसे हुए लोगों का रेस्क्यू करेंगे।

उन्हें कैसे सुरक्षित जगह पर पहुंचाएंगे। नदी में यदि कोई व्यक्ति डूब गया है तो उसके शव को कैसे खोजकर निकालेंगे। इस दौरान उन्होंने डीप डाइविंग करके भी अधिकारियों को दिखाया। काफी देर तक जवान ऑक्सीजन सिलेंडर की मदद से पानी के अंदर रहे और अंदर पड़े डमी शव को खोजकर बाहर निकाला। इसके साथ ही यदि कोई व्यक्ति बाढ़ के पानी में डूब गया है और उसे जिंदा बचा लिया गया तो कैसे उसे तत्काल चिकित्सा सहायता देना है। कैसे उसे सीपीआर दिया जाएगा और उसकी सांसे लौटाने के लिए क्या उपाए किए जाएंगे। इस दौरान एसडीआरएफ के जवानों ने यह भी बताया कि रेस्क्यू के दौरान उनके पास किस तरह के आधुनिक बचाव उपकरण हैं और उनका उपयोग कैसे करना है। इस दौरान विशेषज्ञों ने कई तकनीकी जानकारियां जवानों को दी। उनसे होने वाले फायदे के बारे में भी बताया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर,
13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 18 जुलाई 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



02



क्रोध, मान, माया और लोभ आत्मा को ढकेलते हैं दलदल में


## लाइव इवेंट

### जंगल-पहाड़ों की ट्रैकिंग कर प्राकृतिक छटा को किया महसूस



**दुर्ग।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया और आयकर विभाग द्वारा श्रृंगी ऋषि आश्रम पर्वत सिहावा नगरी में एक दिवसीय ट्रैकिंग सह ट्रेनिंग का संयुक्त आयोजन किया गया। अनुसचिवीय कर्मचारी प्रशिक्षण इकाई के 20 प्रशिक्षु कर्मचारी और उनके प्रशिक्षक भी शामिल हुए। दुर्ग-भिलाई से 150 किमी दूर सिहावा नगरी क्षेत्र में स्थित श्रृंगी ऋषि पर्वत पर आयोजित इस ट्रैकिंग में सभी आयु वर्ग के कुल 50 सदस्यों ने हिस्सा लिया। आयोजन के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए भिलाई इकाई के चेयरमैन के. सुब्रमण्यम ने बताया कि जीरो प्वॉइंट इण्डियन कॉफी हाउस सेक्टर 9 हॉस्पिटल भिलाई से राष्ट्रगान पश्चात ट्रैकिंग को प्रेसिडेंट ऋषिकान्त तिवारी ने रवाना किया। श्रृंगी ऋषि पर्वत पर घने जंगलों के बीच सदस्यों ने लगभग पांच किमी ट्रैकिंग की।

- 50 सदस्यों के दल ने किया भ्रमण

#### शांता गुफा, श्रृंगी ऋषि आश्रम का किया अवलोकन

इस आयोजन में सदस्यों ने शान्ता गुफा, हाथी तालाब, श्रृंगी ऋषि आश्रम, महानदी उद्गम स्थल और कर्णेश्वर महादेव मन्दिर का अवलोकन किया। शीतला मन्दिर भीतरराास के सामने से एकदम सीधी चढ़ाई से ट्रैकिंग की शुरुआत आरम्भ से ही काफी थका देने वाली रही। वरिष्ठ सदस्य हरदेव सिंह गिल एवं मंजीत कौर गिल ने बताया कि यह स्थल राम वनगमन क्षेत्र में आता है। रामकथा के अनुसार राजा दशरथ के लिए पुत्र कामेष्टि यज्ञ सम्पन्न कराने वाले श्रृंगी ऋषि यहीं के थे, यह छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है। पूर्व कर्नल हरिशरणजीत कौर एवं कोटेश्वर राव ने बताया कि हरी-भरी प्रकृति के बीच शान्त वातावरण में ट्रैकिंग बहुत ही सुकूनदायक रहा। सचिव सुबोध देवांगन के अनुसार पहाड़ पर ट्रैकिंग में अनेक जगह जोखिम भरे और खतरनाक थे , जहाँ पर जरा सी असावधानी से चोट पहुंच सकता था। पारस्परिक सहयोग एवं सम्बल से यह ट्रैकिंग पूर्ण हुआ। वरिष्ठ सदस्य एनके सिंह एवं कमलेश वर्मा ने बताया कि घने जंगलों के बीच शुद्ध प्राकृतिक वातावरण में बस का सफर भी एक खूबसूरत एहसास रहा। इस दरम्यान सदस्यों ने कर्णेश्वर महादेव मन्दिर का भी दर्शन लाभ लिया। बारहवीं शताब्दी में निर्मित इस ऐतिहासिक मन्दिर समूह में कुल पांच मन्दिर हैं, जिसका निर्माण कांकेर के सोमवंशी राजा कर्णदेव ने कराया था। इस अवसर पर राजेश मराठे, राजश्री श्रृंगारपुरे, किशोर छबलानी, करणसिंह पानेसर, बलबीर कौर, बी. समीर सहित अन्य मौजूद थे।

● नर्सरी में गेंदा, चंपा, गुड़हल लोकल पौधों के साथ ही आसानी से लगने वाले पौधे रोपे जा रहे

# इस मानसून सीजन में लगाएं गोल्डन शावर प्लांट, कम देख-रेख में भी गुलजार होगा गार्डन, लोकल पौधों की ज्यादा डिमांड

**बारिश का मौसम आने के साथ ही सभी ओर हरियाली दिखाई देने लगी है। इस मौसम में अधिकांश प्रकृति प्रेमी अपने गार्डन को हरा-भरा व सुंदर दिखाने अनेक प्रकार के जतन करने में लगे हुए है। ट्विनसिटी के साथ ही पटरी पार के घर भी बारिश में खिलने वाले खूबसूरत फूलों से सजे हुए दिखाई दे रहे है वहीं कुछ लोग अभी भी पौधों की खरीददारी में लगे हुए है। गार्डनिंग के शौकिनो को पता ही होगा कि फूल के पौधों की खूबसूरती हर मौसम में अलग-अलग होती है। कुछ पौधे गर्मी में ठीक तरीके से बढ़ते हैं, तो कुछ ठंड के मौसम में वहीं कुछ बारिश में।**

**भिलाई।** मानसून का मौसम तो हर तरह के पौधे उगाने के लिए सही होता है। ट्विनसिटी में घरों के आंगन बारिश के मौसम में पहले से कही ज्यादा रंग-बिरंगे फूलों से सजे सुंदर दिखाई देने वाले है। इसलिए गार्डनिंग करने वाले लोग बारिश होने से पहले ही कुछ पौधों को लगा लिए हैं तो कई अभी नर्सरी में जाकर रंग-बिरंगे पौधों की पूछताछ कर खरीददारी कर रहे है। दुर्ग-भिलाई के की कई संस्थाएं भी पर्यावरण के सहेजने अधिक से अधिक पौधरोपण करने का संदेश दे रहे है। कई लोग अभी भी गार्डनिंग करने में लगे हुए है।



### गोल्डन शावर से सजाएं आंगन

प्रियदर्शनी परिसर अंडर ब्रिज के पास बागवानी के लिए पौधो की दुकान लगाने वाले बसंत साहू ने बारीश के मौसम में लगाने वाले फूलों के बारे में बताया जिससे आपके घरों के गार्डन हरे भरे और खूबसूरत दिखा सके। घर व आंगन के किनारे या गेट पर गोल्डन शावर, बालसन, लास्टटेनिया, एग्जोरा आदि से सजाने इन फूलों की डिमांड ज्यादा रहती है। इस मौसम में गेंदा, मोंगरा, जसवंत, चंपा, अपराजिता, रजनीगंधा के साथ ही कुंदा, मुरैया, बरमपिचास, मधुमालती, बीलीडिंग हार्ड, एल्मेंडा के चार कलर, मधुकामिनी, टिकोमा, फर्स्ट लव, टगर, जूही आदि पौधों की मांग अधिक है। उन्होंने बताया कि कई लोग पौधों के नाम बताकर खरादते है तो उससे कही ज्यादा लोग हमसे पूछकर पौधे खरीदते है।

**बारिश में पौधों को फंगस से बचाना जरुरी:** हालांकि बारिश का महीना पौधे लगाने के लिए सही होता है, लेकिन बारिश के मौसम में ज्यादा पानी से पौधों को बचाना चाहिए। इसके साथ ही कीटों से पौधों को बचाने के लिए फंगीसाइड और नीम के तेल का प्रयोग भी कर सकते हैं।



#### सजावटी पौधों के साथ लगाएं वाटर लिली प्लांट

गार्डनिंग का शौक रखने वाली हाऊसिंग बोर्ड निवासी श्यामली रामकृष्ण मुखर्जी ने बताया कि उनके गार्डन में कई सजावटी पौधों के साथ ढेरों फूलों के पौधे और वॉटर लिली लगे हुए हैं। फूल के पौधों को कम देखभाल के साथ भी आराम से उगाया जा सकता है।

#### मॉर्निंग ग्लोरी, ऑरेंड ट्रंपेट वाइन

श्यामली ने बताया कि बारिश का मौसम कोई भी लता वाले पौधे लगाने के लिए बेहद अच्छा होता है। इस मौसम में लताएं जल्दी विकसित हो जाती हैं। आप अपने पसंद की किसी भी लता यानी क्रीपर को लाकर लगा सकते हैं। अगर आप ऑरेंज ट्रम्पेट का एक पौधा लगाते हैं, तो यह आपके पूरे घर को फूलों से भर देगा। आप इस पौधे को बहुत ही आसानी से अपने घर के गमले व बगीचे में लगा सकते हैं। इसे कटिंग के जरिए आराम से लगाया जा सकता है और यह बिना ज्यादा फ़र्टिलाइज़र के भी आराम से बढ़ता है। इसमें गुच्छे में ढेरों फूल आते हैं। यह पौधा नर्सरी में काफी बिक रहे हैं। अगर इसे जमीन में लगाएं, तो यह अच्छा बढ़ता है। वहीं गमले में इसे उगाने के बाद अच्छा सपोर्ट मिलने पर भी यह गार्डन में चार चाँद लगा देगा।

**हर मौसम के लिए खास रेन लिली:** किसी भी मौसम में रेन लिली लगाएं, पर इस पर फूल बारिश के मौसम में ही आते हैं। इसलिए आप बारिश का मौसम शुरू होने से पहले इसके फोलिएज की कटाई-छंटाई कर सकते हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा फूल आएं। आस-पास किसी न किसी रंग के बोगनविलिया के फूलों के पौधे दिख ही जाएंगे। किसी भी पौधे की कटिंग को लगाने का सबसे अच्छा मौसम मानसून होता है।

#### गुलमेहंदी से रहेगी बगिया हरी-भरी

नर्सरी संचालक ने बताया कि बरसात के महीने में जब चारों तरफ नमी बनी रहती है, उस समय अपने बगिया को रंग-बिरंगे फूलों से भरना हो तो बालसम का पौधा लगा सकते हैं, जिसे गुलमेहंदी भी कहते हैं। यह पौधे में एक साथ ढेर सारे फूल खिलते हैं, जिसके कारण इसे लोग काफी पंसद करते हैं। नर्सरी से इनके पौधे लाकर लगा सकते हैं। वहीं अगर आपको बीज से इसे उगाना हो, तो आप अप्रैल-मई में इसके बीज लगा सकते हैं, जिसके बाद अगस्त तक इसमें ढेरों फूल आने लगेंगे। गुड़हल का पौधा आमतौर पर हर गार्डन में रहता ही है। आप किसी पौधे से कटिंग लाकर इसे लगा सकते हैं, वहीं यह पौधा नर्सरी में भी आराम से मिल जाता है।

## सिटी इवेंट

### जनगणना में देश के स्वतंत्रता सेनानी परिवारों की अलग से हो गणना



**दुर्ग।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और साहित्यकार पंडित कुंज बिहारी लाल चौबे की प्रतिमा स्थापित की गई। उनके पौत्र दीपक चौबे के निवास में प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर छग स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के लगभग 60 प्रतिनिधि जुटे। उत्तराधिकारी संगठन के प्रांताध्यक्ष मुरली मनोहर खंडेलवाल मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन तथा दिशा निर्देश प्रदान किए। खंडेलवाल ने कहा कि जनगणना के समय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की संख्या की गणना राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु को ज्ञापन सौंपकर निवेदन किया जाएगा।

- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कुंच बिहारी चौबे की प्रतिमा अनावरण में जुटें परिजन
- संगठन के लगभग 60 प्रतिनिधि जुटे

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक चन्द्रप्रकाश बाजपेयी ने की। बाजपेयी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की सदस्यता को ठोस रूप में देशव्यापी स्तर पर अमलीजामा पहनाना जरूरी है। तभी शासन संगठन के मांग पत्र पर विचार करेगी। डॉ. शकुन्तला जितपुरे ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दर्पण प्रकाशित कराने सुझाव रखा। विशेष रूप से मौजूद पूर्व आईएसएस गणेश शंकर मिश्रा ने कहा कि ख्यातिनाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कुंजबिहारी लाल चौबे की प्रतिमा स्थापना हेतु पहल की थी। दुर्ग या राजनांदगांव में किसी चौक चौराहे पर ही स्थापित किया जाना था। उन्होंने भविष्य में सेनानी उत्तराधिकारी कार्यक्रमों में अपना विशेष योगदान देने की घोषणा भी की।

#### अंग्रेजों का झंडा उतार चर्चा में आए थे चौबे

कुंज बिहारी लाल चौबे के पौत्र दीपक चौबे ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कुंज बिहारी लाल के विषय में चर्चा में सुनाया कि आजादी के पूर्व स्टेट हाईस्कूल राजनांदगांव में तत्कालीन समय स्व. कुंज बिहारी लाल चौबे ने विद्यार्थी जीवन में अंग्रेजों के झंडे उतारकर भारत देश का झंडा लगा दिया था, अंग्रेजों ने कुंजबिहारी से पूछा कि तुम्हे कौन सी सजा दी जाये तत्काल वह बोल उठा कि मौत से बड़ी सजा और क्या दे सकते हो। चारो तरफ सन्नाटा छा गया। कुंज बिहारी लाल अपने देश की आजादी हेतु सदैव तत्पर रहे। वे सेनानी होने के साथ तात्कालीन महान कवि भी थे। उनकी एक कविता चल मोरे भैय्या बियासी के नांगर उस समय काफी प्रचलित थी। इस अवसर पर अध्यक्ष अशोक ताम्रकार, मुरली मनोहर खंडेलवाल, केके अग्रवाल, रमा जोशी, डॉ. रेखा जोशी, राजेन्द्र उमाठे, सुरेश मिश्रा, महेश दुबे, सुनील बाजारी, चन्द्रकान्त, छबिराम चन्द्राकर, चन्द्रहास मौरैय्या, महेश वर्मा, घनश्याम सोनी, राहुल चौबे, ज्योते द्विवेदी, प्रीति अजय बेहरा, विष्णु सिंह, कुशाग्र चौबे उपस्थित थे। उपस्थित समस्य सदस्यों द्वारा स्व. कुंजबिहारी लाल चौबे की प्रतिमा पर पुष्पहार तथा फूलों सहित माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि आदरोंजलि अर्पित किये।

# नई शिक्षा नीति स्टूडेंट्स को ज्ञान और भारतीय परंपराओं से अवगत कराने वाली



**भिलाई।** शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कुलपति डॉ. एके झा मुख्य रूप से मौजूद थे। उन्होंने कहा कि यह नीति विधार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा से अवगत कराने वाली है, जिससे वे अपनी मूल संस्कृति से परिचित हो सकें। देश के गौरवशाली इतिहास को समझ सकें।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश छात्रों में नैतिक मूल्यों और राष्ट्रीय भावना को सुदृण करेगा, जिससे वे देश के विकास में एक जिम्मेदार नागरिक की तरह शामिल हो। कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ. अवधेश श्रीवास्तव ने पावर प्वाइंट के माध्यम से नीति की बारीकियों को समझाया। नए प्रावधानों पर प्रकाश डाला। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि यह नीति विभिन्न विषयों को एकीकृत कर एक विशाल जान संग्रह बनाने की प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम को बदलना नहीं है, बल्कि छात्रों को बहु विषयक शिक्षा प्रदान करना है। ताकि वे विभिन्न क्षेत्रों के ज्ञान को आपस में जोड़ सकें।जिसमें छात्रों को अपनी रुचि और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार विषयों का चयन करने की आजादी मिलती हैं। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. स्मिता सिलेट, डायरेक्टर विकास डॉ. सुशील चंद्र तिवारी तथा विभिन्न संख्याओं के प्राध्यापक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रवि श्रीवास्तव ने किया। अंत में आभार और स्मृति चिन्ह भेंट डॉ. प्राची निमजे ने किया।

- एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन में मूल संस्कृति से हुए परिचित

# सामाजिक पत्रिका का विमोचन 7 सितंबर को परिचय सम्मेलन



**भिलाई।** सरयूपारीण ब्राह्मण समाज भिलाई-दुर्ग की कार्यकरणी बैठक स्मृति नगर स्थित ब्रह्म प्रकाश भवन में हुई। अध्यक्षता अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्र ने की। संचालन महासचिव रामलखन मिश्र ने किया। बैठक में राष्ट्रीय कवि सुरेंद्र दुबे एवं योगेन्द्र पांडेय मुन्ना को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रामलखन मिश्र ने समाज में पूर्व में किए गए कार्यों की पत्रिका विमोचन की जानकारी दी। प्रभुनाथ मिश्र ने कहा कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। विवाह योग्य हेतु युवक, युवती परिचय सम्मेलन भी 7 सितम्बर को होगा। बैठक में जेएन तिवारी, सुनील मिश्र, गणेश शुक्ला, रामबिहारी मिश्रा ने भी विचार रखे। निशु पांडे ने कविता प्रस्तुत की। इस अवसर पर चंद्र शेखर पांडे, विष्णु पाठक, नागेंद्र पांडे, संजय पांडे, सुभाष चंद्र तिवारी, गणेश शुक्ला, दिनेश मिश्र आदि मौजूद थे।

### चैंपियनशिप 2025 का आई जी रामगोपाल गर्ग ने किया उद्घाटन

# राज्य सब जूनियर फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने सजाई बिसात, होंगे रोमांचक मुकाबले

कार्नर न्यूज





**भिलाई।** ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप 2025 की शुरुआत गुरुवार से हुई। 9 चक्रों में खेले जाने वाली राज्य सब जूनियर फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप में राज्य के कुल 213 शतरंज प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। जिसमें अंडर 15 बालक वर्ग में 158 तथा बालिका वर्ग में 55 खिलाड़ियों ने भाग लिया है। जिसमें 50 फिडे रेटेड खिलाड़ी हैं।



#### खेल व युवा कल्याण विभाग व अग्रसेन जनकल्याण का आयोजन

सेक्टर 6 अग्रसेन भवन में 17 से 20 जुलाई तक खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन एवं अग्रसेन जन कल्याण समिति एवं अग्रवाल महिला समिति भिलाई के सहयोग से जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप 2025 का उद्घाटन दुर्ग रेंज के आईजी राम गोपाल गर्ग द्वारा किया गया।कार्यक्रम में प्रदेश शतरंज संघ के पूर्व अध्यक्ष धरम चंद लूनिया, समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा, अग्रवाल जन कल्याण समिति महासचिव अनिल अग्रवाल, अग्रसेन महिला समिति भिलाई अध्यक्ष गायत्री अग्रवाल, प्रदेश शतरंज संघ के कोषाध्यक्ष प्रदीप दास, इंटरनेशनल आर्बिटर अलंकार भिवगड़े एवं जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत और सचिव तुलसी सोनी उपस्थित थे।

#### निखरकर सामने आती है खिलाड़ियों की प्रतिभाएं

इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग ने अपने उद्बोधन में शतरंज को प्राचीन खेल बताते हुए कहा कि राजा महाराजा लोगो के जमाने से लोग शतरंज खेलते आ रहे हैं। उन्होंने बचपन की याद ताजा करते हुए बताया कि वह भी बहुत शतरंज खेला करते थे। ऐसे आयोजन से राज्य की प्रतिभाएं निखरकर सामने आयेंगी और छत्तीसगढ़ से भी विश्वनाथन आनंद एवं डी गुकेश जैसे खिलाड़ी ऐसे आयोजन के माध्यम से निकलेंगे। उन्होंने शतरंज की बारीकियां भी बताईं। कैलाश जैन बरमेचा ने शतरंज को बौद्धिक विकास का खेल बताते हुए राज्य शतरंज संघ एवं जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा आयोजित स्पर्धा में राज्य के कुल 213 शतरंज प्रतिभागियों में अंडर 15 बालक वर्ग में 158 तथा बालिका वर्ग में 55 खिलाड़ियों खेल भावना से खेलने प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विकास शर्मा, तुलसी सोनी, इंटरनेशनल आर्बिटर अलंकार भिवगड़े, रमेश अग्रवाल, चित्रांश अग्रवाल, फिडे आर्बिटर रॉकी देवांगन, हर्ष शर्मा, सुभाष बसोंने, अनिल शर्मा, मुदिता पांडे, विक्रम सिंह, हर्ष मिलकर, तरुण सारथी, सद्दाम हुसैन, मनोज साहू सहित बुद्धजन उपस्थित थे।

सिटी इवेंट

## मजदूरों को मिले आवास प्रशासन से लगाई गुहार



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति ने सरकारी आवास दिलाने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है। औद्योगिक क्षेत्र के मजदूर अपने आवास का मालिकाना हक मांगने रैली की शक्ल में कलेक्टोरेट पहुंचे। मजदूरों ने पत्र के माध्यम से जिलाधीश को बताया कि 40 से 50 वर्षों से कंपनियों में सेवा दे रहे हैं, लेकिन मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। हथखोज अनुसुइया नगर के मोहाल सिंह ने कहा कि भारत का संविधान अनुच्छेद 21 के तहत आवास के अधिकार की भी गारंटी दी गई है। इसलिए हमारा जीवन यापन वर्तमान निवास से जुड़ा हुआ है। हमें मालिकाना हक मिलना चाहिए। चेतन साहू ने कहा कि औद्योगिक कानून के तहत कोई कंपनी लगता है तो कंपनी मालिक को मजदूरों के आवास, उनके बच्चों के स्कूल, अस्पताल खेल के मैदान सुविधा आवश्यक रूप से देना होता है। कलादास डेहरिया ने बताया कि 2020 में कोविड के समय दो बस्ती बिजली नगर और राजीव नगर के पास अनुसुइया नगर को बुलडोजर करने औद्योगिक विभाग के तरफ से आये थे। निरा डेहरिया ने कहा कि संयंत्र में काम करने वाले सेक्टर 9 अस्पताल में काम करने वाले कर्मचारियों को आवास का अधिकार मिलना चाहिए। मिना देवी, पानमति, सीमा, लक्ष्मी लोहार, अशरफा, बेबी खातून, चेतन, निरा, सावित्री, शांति, कंचन सहित अन्य मौजूद थे।

धर्म लाइव

## चातुर्मास के लिए धर्म कलश की स्थापना, जुटा सकल जैन समाज



**दुर्ग।** श्री दिगंबर जैन सभा, सकल जैन समाज अगापुरा केसर बाग मंदिर भवन में भव्य मंगल कलश की स्थापना विधि-विधान से की गई। इस अवसर पर दुर्ग, वैशालीनगर, रायपुर, भिलाई, औरंगाबाद, नागपुर, वर्धा से जैन समाज के लोग शामिल हुए। सौभाग्यम श्री का चातुर्मास होने जा रहा है। मंगल कलश स्थापना को लेकर समाज के लोगों में खासा उत्साह है। आयोजन हैदराबाद में होने जा रहा है। समाजसेवी सुनीता संजय बोहरा का स्थानीय जैन समाज कमेटी ने स्वागगत किया। उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## हरेली त्योहार पर बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां




**भिलाई।** हरेली त्योहार पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। टीचर्स ने उन्हें इस त्योहार के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम सन वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित किया गया। हरेली का त्योहार बच्चों और टीचर के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस प्रोग्राम में छोटे बच्चों ने कविता, कहानी तथा नृत्य में अपना कौशल दिखाया। बच्चों ने छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति के अनुरूप इस त्योहार को मनाने का निर्णय लिया।

सिटी इवेंट

## सावन उत्सव में महिलाओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**दुर्ग ।** ऋषभ सिटी प्राइम सोसाइटी की महिलाओं द्वारा होटल कैम्बियन स्टेशन रोड में सावन उत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के गीत-संगीत और नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहे। वहीं महिलाओं ने मनोरंजक खेल स्पर्धा में शामिल होकर अपनी प्रतिभा साबित की। जिससे सावन उत्सव में जमकर खुशियां बिखरी। कार्यक्रम का संचालन हरप्रीत कौर दुआ, रेणुका, भाग्यलक्ष्मी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सोसाइटी की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुई।

केंद्रीय विद्यालय में स्टेम प्रोत्साहन सप्ताह की हुई शुरुआत

# वैदिक मैथ्स, साइंस टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर विद्यार्थी हो रहे जागरूक, विज्ञान और टेक्नोलॉजी का किया प्रदर्शन

**भिलाई।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा केंद्रीय विद्यालय में विद्यार्थियों को साइंस टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग मैथ्स के साथ जोड़ने निर्दिष्ट स्टेम प्रोत्साहन सप्ताह की शुरुआत की गई। स्टेम प्रोत्साहन सप्ताह में साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग एवं मैथमेटिक्स को मिलाकर नवाचार के लिए इन चार चीजों का तालमेल और वैदिक मैथ्स, साइंस टेक्नोलॉजी का प्रयोग बच्चों को सिखाया जाएगा। इस दौरान पहले दिन विद्यार्थियों द्वारा रोबोट, क्रेन आदि विज्ञान और टेक्नोलॉजी पर आधारित प्रोजेक्ट प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने कहा कि हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं। आर्थिक दृष्टि से हमारी उन्नति लगातार हो रही है। नवाचार एवं ग्लोबल ब्रांड के रूप में भारत की पहचान नहीं हो पा रही है। विज्ञान और यह स्टेम प्रोत्साहन सप्ताह हमें प्रेरित करेगा।



### रोबोट, क्रेन टेक्नोलॉजी पर बनाया प्रोजेक्ट





कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. अजय आर्य ने कहा कि स्टेम का अर्थ है साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग एवं मैथमेटिक्स। किसी भी नवाचार के लिए इन चार चीजों का तालमेल किया जाता है। नई टेक्नोलॉजी नई मशीन के लिए इन चारों का उपयोग जरूरी होता है। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक विकास यादव ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रोबोट, क्रेन आदि विज्ञान और टेक्नोलॉजी पर आधारित प्रोजेक्ट का परिचय प्रस्तुत किया। कृषाली, शिवानी, मेघा, लेपिका, सास्वत, प्रणव, वैभवी, आर्यन ने एटीएल के तहत परियोजनाओं का प्रदर्शन अमरनाथ सिंह के निर्देशन में किया। संजीव भदोरिया ने आईपी के प्रभाव एवं उपयोग पर अपना वक्तव्य रखा। संजय चतुर्वेदी ने फिजिक्स के दैनिक जीवन में उपयोग एवं महत्व पर अपनी बातें छात्र-छात्राओं से साझा की।

### शिवाजी सदन रहे विजेता

इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में शिवाजी सदन विजय रहा। प्रथम शिवजी सदन में आद्या पांडे, साई सूर्यान्श, जिज्ञासा डोते, सोनम, द्वितीय अशोक सदन प्रथमेश पटले, योषिता साहू, लक्षित साहु, अक्षत मिश्रा विजेता रहे। कार्यक्रम में एस के राय, विकास यादव, एसके चतुर्वेदी, संजीव भदोरिया, प्रकाश देवांगन, राहत तसनीम, अमरनाथ सिंह, राजेश चंद्राकर, रोशनी पुरुषोत्तम साहू, रामाशीष चौहान, बिंदु शिवराजन ने भाग लिया।

### स्टेम सप्ताह में होंगे अनेक आयोजन

स्टेम सप्ताह के अंतर्गत इसरो चंद्रयान-3 की सफलता कृत्रिम बुद्धिमत्ता रोहित पिक क्वांटम कंप्यूटिंग ग्रीन एनर्जी डिजिटल इंडिया आदि विषयों पर विभिन्न कार्यक्रमों का विद्यालय में आयोजन किया जाएगा। छात्र-छात्राओं को वैदिक मैथ्स, साइंस टेक्नोलॉजी के प्रयोग आदि के बारे में जागरूक किया जा रहा है। राजेश कुमार एवं रोशनी ने विज्ञान विभाग द्वारा छात्र छात्रों के लिए विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।

चातुर्मास पर मंगल प्रवचन

# क्रोध, मान, माया और लोभ आत्मा को ढकेलते हैं दलदल में



**भिलाई।** पार्श्वनाथ तीर्थ नगपुरा में चातुर्मास पर मंगल प्रवचन जारी है। गुरुवार को प्रभु महावीर की प्रथम देशना आचारांग आगम ग्रंथ की विवेचना करते हुए साध्वी लब्धियशा श्री ने कहा कि प्रभु ने कषाय त्याग की प्रेरणा द्वारा दुःख मुक्ति का उपाय बताया है। क्रोध, मान, माया और लोभ ये चारों ही कषाय अशुभ कर्म बंध द्वारा आत्मा को दुःख के दलदल मे फंसा देते हैं। साधक क्रोध को क्षमा द्वारा और मान को नम्रता द्वारा जीत लेता है। वही शाश्वत सुख की प्राप्ति कर पाता है। माया को सरलता द्वारा और लोभ को संतोष गुण द्वारा उपशांत किया जाता है। साध्वी ने आराधकों को हित शिक्षा देते हुए बतलाया कि भारतीय संस्कृति में भोग को नहीं बल्कि त्याग को महत्व दिया गया है। लोभ से प्रेरित होकर पदार्थों के संचय के लिए व्यक्ति असत्य- हिंसा आदि दोषों का आश्रय लेने से भी नहीं डरता। इसीलिए लोभ को पाप का बाप कहा जाता है। साधक को आत्म कल्याण के लक्ष्य से अपने आप को दोषों, दुर्गुणों एवं कषायों से दूर रखना चाहिए। प्रभु महावीर ने इच्छाओं को आकाश के समान अनंत कहा है, क्योंकि पदार्थों की प्राप्ति के साथ इच्छाए निरंतर बढ़ती रहती हैं। धन और पदार्थों की प्राप्ति से लाभ के बाद लोभ का विषचक्र चलते ही रहता है। इच्छाओं का अंत संतोष गुण को आत्मसात करने पर ही हो सकता है। संतोषी नर सदा सुखी की लोकोक्ति भी लोभ कषाय के उपशमन का संदेश देती हैं।

**नगपुरा स्थित पार्श्वनाथ तीर्थ में चातुर्मास पर धर्मसभा का आयोजन**

सांस्कृतिक भवन जामुल में हुई बैठक

# जामुल में 28 दिसंबर से राघवाचार्य की राम कथा



**भिलाई।** शिवपुरी स्टेडियम जामुल में श्रीधाम मठाधिश्वर जगद्गुरु रामानुजाचार्य डॉ. राघवाचार्य की रामकथा 28 दिसंबर से 6 जनवरी तक होने जा रही है। वे रामलला जन्मभूमि अयोध्या धाम से पधारेंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर जामुल के सांस्कृतिक भवन, रावण भाठा बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम राम दरबार की पूजा अर्चना व भगवान श्रीराम जी की आरती के बाद हनुमान चालीसा पाठ किया गया। बैठक में केंद्रीय कार्यकारिणी, योजना समिति का गठन, कार्यक्रम की रूपरेखा, तैयारियों पर चर्चा, वर्तमान तक की तैयारियों की समीक्षा की गई। साथ ही जल्द से जल्द जामुल के समस्त वार्डों में भी बैठक आयोजित करने की रूपरेखा तय की गई। बैठक में उपस्थित समस्त प्रतिष्ठित राम भक्तों ने अपने अपने विचार व सुझाव व्यक्त किए। आयोजन राधाकृष्ण संस्कार मंच द्वारा किया जाना तय किया गया।

**तैयारियों को लेकर हुई चर्चा**

महिला समिति ने मनाई गुरु अमर दास जी की जयंती

कार्नर न्यूज

# गुरु अमरदास की जयंती पर बाबा के उपदेशों को किया याद पौधारोपण कर लगाए ट्री गार्ड, उच्च शिक्षा में की आर्थिक मदद

**भिलाई।** सतनामी महिला जागृति समिति भिलाई नगर पंजीयन क्रं 19797 द्वारा गुरु घासीदास बाबा के प्रथम पुत्र ब्रह्मचारी सतधारी गुरु अमर दास की जयंती सतनाम भवन सेक्टर 6 भिलाई में समाज के सदस्यों की उपस्थिति में मनाई गई। इस दौरान समाज के सभी सदस्यों व महिलाओं ने मिलकर सतनाम भवन के प्रांगण में नीम, शीशम, आम सहित कई फलदार व छायादार पौधे लगाकर उसे सुरक्षित रखने ट्री गार्ड लगाया और उसे सहेजने का संकल्प लिया। समाज के प्रतिभावान बच्चे के नीट के उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक मदद की गई। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा बाबा के तैल चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गई और उनके अमरवाणियों व उद्देश्यों को समिति के सदस्य द्वारा अभिव्यक्ति प्रदान की गई। जिससे सभी लोग बाबा के उपदेशों से लाभान्वित हुए। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ सलाहकार विमला जनार्दन के नेतृत्व में सभी सदस्यों द्वारा सतनाम भवन प्रांगण पर वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। वृक्षारोपण के इस कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता होरीलाल चतुर्वेदी टी डी रात्रे, डॉ के डी देशलहरा उपस्थित थे।



### पर्यावरण संरक्षण करने लिया संकल्प



वृक्षारोपण जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है और पर्यावरण संरक्षण के लिए उपयोगी भी है। इसी जन भावनाओं के अनुरूप प्रांगण में नीम, जामुन, शीशम, जाम, आम, पीपल, अशोक आदि के पौधों का रोपण किया गया और उसकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाया गया। पौधों के सुरक्षा के लिए सभी उपस्थित महिलाओं ने संकल्प भी लिया।

### उच्च शिक्षा के लिए की मदद

सतनामी महिला जागृति समिति अपने स्थापना वर्ष के बाद से ही समाज सेवा में अग्रणी है तथा समाज के जरूरतमंद लोगों की आर्थिक एवं सामाजिक सहायता प्रदान करते आ रही है। इसी कड़ी में देवेंद्र बंजारे को नीट की कोचिंग के लिए ग्यारह हजार की नकद सहायता राशि प्रदान की गई तथा आगामी अध्ययन के लिए उनके सहयोग करने की बातें कही। गुरु बाबा अमर दास की जयंती के अवसर पर सतनाम भवन प्रांगण में उपस्थित एवं राहगीरों के लिए खीर तथा मालपुआ का प्रसादी वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे और सभी मिलकर कार्यक्रम में सहयोग किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एशियन कप जूडो में भारत के लिए रंजीता ने जीता स्वर्ण पदक



**रायपुर।** ताइपे में 15 जुलाई को आयोजित कैडेट एशियन कप जूडो में छत्तीसगढ़ के कोंडागांव की रंजीता कुरेटी ने 52 किग्रा वजन वर्ग में ताइपे की वांग टिंग यूँ को फाइनल में पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा कर भारत को पहली स्वर्णिम सफलता दिलाई।

जिला जूडो संघ रायपुर के अध्यक्ष एवं प्रदेश जूडो संघ के संयुक्त सचिव अनीस मेमन ने प्रदेश संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी के हवाले से बताया कि राज्य निर्माण पश्चात खेलों इण्डिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ को पहली बार स्वर्ण पदक दिलाने वाली रंजीता कुरेटी ने ताइपे एशिया को जूडो स्पर्धा में स्वर्ण जीत राज्य को गौरवान्वित किया है। मेमन एवं द्विवेदी के अनुसार छत्तीसगढ़ के सुदूर बस्तर क्षेत्र की खिलाड़ी ने जनवरी 2025 में पुणे नेशनल में बेस्ट प्लेयर का खिताब जीतकर भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से (जॉर्जिया) विदेश में जूडो प्रशिक्षण हेतू चयनित हो चुकी है। रंजीता का यह प्रदर्शन निश्चित रूप से सराहनीय है। रंजीता की उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव (बस्तर जिला जूडो संघ अध्यक्ष), प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी, महासचिव शम्भू सोनी, संयुक्त सचिव अनीस मेमन, बस्तर जूडो संघ के सचिव अब्दुल मोइम, सरजीत सिंह बख्शी, परमजीत सिंह, राजकुमार जायसवाल सहित समस्त जिला संघो के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

### जिला क्रिकेट संघ के ट्रायल में 130 ने लिया भाग

**रायपुर।** रायपुर जिला क्रिकेट संघ ने वर्ष 2026-27 हेतु सभी वर्गों के ट्रायल 11 जुलाई से प्रारंभ कर दिए है। इसके पहले एक जुलाई से 07 जुलाई तक सभी वर्गो के खिलाडियों का पंजीयन किया गया। इसके बाद वर्गवार खिलाडियों का ट्रायल 11 जुलाई से प्रारंभ हो गया है। 16 जुलाई को आर डी सी ए इंडोर स्टेडियम, तेलीबांधा रायपुर में अंडर 19 वर्ग के लगभग 130 खिलाडियों का ट्रायल संपन्न हुआ।15 जुलाई को अंडर 19 के ही 166 खिलाडियों ने भाग लिया था। ट्रायल को 3 स्लॉट में लिया गया। पहला स्लॉट सुबह 8.30 बजे से प्रारंभ हुआ। खिलाडियों को क्रमशः प्रारंभिक बल्लेबाज, मध्यक्रम बल्लेबाज, तेज गेंदबाज तथा स्पिन गेंदबाज वर्ग में विभाजित कर ट्रायल लिया गया।



### जिला स्तरीय तैराकी में आनंद ने लगाई गोल्ड की हैट्रिक




**रायपुर।** डिसट्रिक्ट स्विमिंग एसोसिएशन द्वारा एक दिवसीय सब- जूनियर बालक बालिका जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन राजधानी के अंतर्राष्ट्रीय तरणताल जी.ई रोड पर किया। जिसमे मुख्य अतिथि पार्षद आनन्द अग्रवाल ने विजेता तैराको को पुरस्कृत किये। चयनित तैराक अगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। संघ के अध्यक्ष डॉ मनीष शुक्ला, सचिव नरसिंह नाथ फरिकार ने सभी खिलाड़ियो को बधाई दी है। विजेता तैराक विभिन्न श्रेणी में 100 मीटर फ्रीस्टाइल (11 वर्ष बालक), आनंद द्विवेदी, मनीष कारण,अर्णव मिश्रा,100 मीटर फ्रीस्टाइल (11 वर्ष बालिका), सोना दास,अनिका शर्मा,अन्वी अग्रवाल,100 मीटर बैकस्ट्रोक (11 वर्ष बालक), आनंद द्विवेदी, तेजस्वी शर्मा, अपूर्व आदिले,100 मीटर बैकस्ट्रोक (11 वर्ष बालिका), अनिका शर्मा,शमिका गुप्ता,आरोही गुप्ता,100 मीटर बटरफ्लाई (17 वर्ष बालिका), न्यासा पैकरा,प्रिया सोनी,100 मीटर बटरफ्लाई (17 वर्ष बालक), अयान खन्ना, नमन नेताम, 100 मीटर बटरफ्लाई (14 वर्ष बालिका), वेदा राव शिंदे,आर्या सिंह,200 मीटर फ्रीस्टाइल (14 वर्ष बालक), इक्विर शर्मा,अरमान पंचमी,केशव मुंद्रा,100 मीटर बैकस्ट्रोक (14 वर्ष बालिका), वेरोनिका पांडा,हिया जैन,जान्या पटेल,100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक (14 वर्ष बालक), अनंत विजय शाह,अबीर शुक्ला,निश्चय मेंव,100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक (14 वर्ष बालिका) , मधुरा सूद,100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक (14 वर्ष बालक) ,उपराज सिंह,रुद्रांश, शौर्य देवांगन, 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक (14 वर्ष बालिका) , शगुन सिंह, समीक्षा पिंजनी, वेरोनिका,100 मीटर बटरफ्लाई (17 वर्ष बालक),शौर्य प्रताप सिंह, सम्यक वेद, 400 मीटर फ्रीस्टाइल (14 वर्ष बालक), कबीर शर्मा,यशस्वी शर्मा,अयान खन्ना, 400 मीटर फ्रीस्टाइल (14 वर्ष बालिका), हिया जैन,हिरण्य जैन,100 मीटर बैकस्ट्रोक (14 वर्ष बालक),केविन चावडा,आरवी केशरवानी आदि शामिल है।

---

सेहतमंद रहना है तो त्रिदोष को रखना होगा संतुलित

# हमारे शरीर को नियंत्रित करते हैं कफ, पित्त और वात बारिश के मौसम में त्रिदोष का संतुलन है बेहद जरूरी

आयुर्वेद के अनुसार, हमारा शरीर वात, पित्त और कफ इन तीन ऊर्जाओं से मिलकर बना है। ये दोष हमारे शरीर के सभी कामों को नियंत्रित करते हैं, और इनका संतुलन ही हमें स्वस्थ रखता है। आइए इस लेख में हम इसी के बारे में जानते हैं।

आज की आधुनिक जीवनशैली में हम अक्सर शरीर के भीतरी संतुलन को नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि हमारा प्राचीन भारतीय चिकित्सा विज्ञान 'आयुर्वेद' हमें स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने के गहरे रहस्य सिखाता है।

आयुर्वेद के अनुसार, हमारा शरीर केवल हड्डियां और मांसपेशियां नहीं, बल्कि तीन मूलभूत जैविक ऊर्जाओं या 'दोषों'- वात, पित्त और कफ से मिलकर बना है।

ये तीनों दोष हमारे शरीर की हर छोटी-बड़ी क्रिया को नियंत्रित करते हैं- चाहे वह सांस लेने की प्रक्रिया हो, भोजन का पाचन हो, या हमारे विचार और भावनाएं हों।



### वात दोष

वात दोष वायु (हवा) और आकाश (स्थान) तत्वों से मिलकर बना है। यह हमारे शरीर में सभी प्रकार की गति को नियंत्रित करता है, जैसे सांस लेना, रक्त संचार, दिल की धड़कन, मांसपेशियों का हिलना और तंत्रिका तंत्र के संदेश। वात प्रधान लोग आमतौर पर दुबले-पतले, फुर्तीले और रचनात्मक होते हैं।

संतुलित वात होने पर व्यक्ति में उत्साह, तेजी से सोचने की क्षमता और अच्छी ऊर्जा होती है। लेकिन, जब वात असंतुलित होता है, तो व्यक्ति को जोड़ों में दर्द, कब्ज, गैस, त्वचा में सूखापन, अनिद्रा (नींद न आना), चिंता और घबराहट जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ठंडा, सूखा या हल्का भोजन, ज्यादा तनाव और अनियमित दिनचर्या वात को बढ़ा सकते हैं।

### पित्त दोष

पित्त दोष अग्नि (आग) और जल (पानी) तत्वों से मिलकर बना है। यह हमारे शरीर में पाचन, चयापचय और सभी प्रकार के परिवर्तन को नियंत्रित करता है। यह भोजन को ऊर्जा में बदलने, बुद्धि और भावनाओं को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पित्त प्रधान लोग अक्सर मध्यम कद-काठी के, तीव्र बुद्धि वाले और दृढ़ निश्चयी होते हैं। संतुलित पित्त वाले लोग अच्छा पाचन, तेज दिमाग और नेतृत्व क्षमता रखते हैं। लेकिन, पित्त के असंतुलित होने पर एसिडिटी, पेट में जलन, त्वचा पर दाने या मुंहासे, गुस्सा, चिड़चिड़ापन और ज्यादा पसीना आना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। तीखा, खट्टा, बहुत गर्म भोजन और ज्यादा गुस्सा पित्त को बढ़ा सकते हैं।

### कफ दोष

कफ दोष पृथ्वी (मिट्टी) और जल (पानी) तत्वों से मिलकर बना है। यह हमारे शरीर को स्थिरता, संरचना, चिकनाई और प्रतिरक्षा प्रदान करता है। यह जोड़ों को चिकना रखता है, शरीर को शक्ति देता है और कोशिकाओं का विकास करता है। कफ प्रधान लोग आमतौर पर मजबूत और सहनशील होते हैं।

संतुलित कफ होने पर व्यक्ति में स्थिरता, धैर्य, अच्छी नींद और मजबूत रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है। लेकिन, कफ के असंतुलित होने पर वजन बढ़ना, सुस्ती, आलस, सर्दी-खांसी, बलगम, साइनस की समस्या और डिप्रेशन जैसी परेशानियां हो सकती हैं। मीठा, भारी, तैलीय भोजन, कम शारीरिक गतिविधि और ज़्यादा सोना कफ को बढ़ा सकता है।



### संतुलन ही स्वस्थ जीवन की कुंजी

आयुर्वेद सिखाता है कि हर व्यक्ति में ये तीनों दोष मौजूद होते हैं। स्वस्थ रहने के लिए इन दोषों को संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी है। यह संतुलन खानपान, जीवनशैली, योग, ध्यान और आयुर्वेदिक उपचारों के माध्यम से बनाए रखा जा सकता है।



---



## आपने भी कम कर दी है भोजन की खुराक तो जान लीजिए इसके नतीजे

अक्सर लोग अपना वजन कम करने के लिए या फिटनेस मेंटेन रखने के लिए अपने भोजन की मात्रा कम कर देते हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक ये आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है। आइए इस लेख में डॉक्टर से जानते हैं कि आहार में बदलाव करने का सही तरीका क्या है?

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हर कोई फिट और स्वस्थ रहना चाहता है, और इसके लिए अक्सर लोग सबसे पहले अपने वजन को कम करने पर ध्यान देते हैं। अब वजन कम करने के लिए लोग तरह-तरह के तरीके अपनाते हैं। ऐसे में दिमाग में सबसे पहला विचार यही आता है कि क्यों न खाने की मात्रा को एकदम से कम कर दिया जाए। यही सोचकर, बहुत से लोग अपनी डाइट से भोजन की खुराक अचानक घटा देते हैं, यह मानते हुए कि यह वजन घटाने का सबसे तेज तरीका है।

लेकिन, क्या आपने कभी सोचा है कि वजन कम करने का यह तरीका, जो दिखने में आसान लगता है, असल में आपकी सेहत के लिए कितना खतरनाक हो सकता है? हेल्थ एक्सपर्ट डॉक्टर मल्हार गाणला जैसे विशेषज्ञ लगातार इस बात पर जोर देते हैं कि भोजन की मात्रा को बेवजह कम करना वजन घटाने का सही तरीका नहीं है, बल्कि इसके कई गंभीर और नुकसानदायक परिणाम हो सकते हैं। आइए इस लेख में हम विस्तार से जानते हैं कि ऐसा करना क्यों घातक है साथ ही ये भी जानेंगे कि वजन को नियंत्रित करने के लिए आहार में किस तरह का बदलाव किया जाना चाहिए।



### पोषक तत्वों की कमी

जब आप अचानक अपनी डाइट से खाने की मात्रा कम कर देते हैं, तो सबसे पहले आपके शरीर में पोषक तत्वों की कमी होने लगती है। हमारे शरीर को ठीक से काम करने के लिए विटामिन, खनिज, प्रोटीन और फाइबर जैसे कई जरूरी पोषक तत्वों की हर दिन जरूरत होती है।

जब आप सिर्फ कैलोरी कम करने के चक्कर में खाने की मात्रा घटा देते हैं, तो आप जाने-अनजाने में इन जरूरी पोषक तत्वों से भी समझौता कर रहे होते हैं। इससे शरीर को जितना पोषण मिलना चाहिए, उतना नहीं मिल पाता, जिससे कमजोरी, थकान, बीमारियों से लड़ने की क्षमता में कमी और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं पैदा होने लगती हैं।

### पेट का न भरना और बार-बार की भूख



अचानक भोजन की मात्रा कम करने का दूसरा बड़ा नुकसान यह है कि आपका पेट भरा हुआ महसूस नहीं होता। आयुर्वेद में भी 'सटाइटी रिफ्लेक्स' यानी भूख मिटाने का संकेत, जिसका मतलब है कि जब तक हमारा पेट भरा हुआ महसूस नहीं करता, तब तक हमारे दिमाग को यह संकेत नहीं मिलता कि हमने पर्याप्त खा लिया है। अगर पेट नहीं भरता, तो हमें बार-बार भूख लगती रहती है, जिससे हम बेचैन महसूस करते हैं और कई बार बाद में अधिक मात्रा में खाना खा लेते हैं, जो हमारे वजन कम करने के लक्ष्य को भी फेल कर देता है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए पेट का भरा होना और भूख का शांत होना बहुत जरूरी है। डॉक्टर मल्हार गाणला के मुताबिक, वजन कम करने के लिए भोजन की मात्रा कम करना बिल्कुल गलत तरीका है। वे सलाह देते हैं कि अगर आपको कैलोरी कम करनी है, तो उन चीजों को कम खाएं जिनमें कैलोरी की मात्रा बहुत ज्यादा होती है।

---

## मल्टी ग्रेन आटा इस्तेमाल करते हैं तो जरूर जानें इससे जुड़ी अहम बातें

आजकल लोग हेल्थ को लेकर काफी ज्यादा सजग हो गए हैं। हर कुछ नाप तौल कर ही खाते हैं। लेकिन कभी कभी जरूरत से ज्यादा सजगता नुकसानदायक हो सकता है। मल्टी ग्रेन आटा आज कल चलन में है। डायटीशियन आइना सिंघल ने इससे जुड़ी जानकारी साझा की है।

### मल्टीग्रेन आटा से जुड़ी ये बातें जरूर जानें

एक्सपर्ट बताती हैं कि अगर आपको पेट से जुड़ी समस्याएं जैसे पेट फूलना, बदहजमी, या भूख न लगने जैसी शिकायतें रहती हैं, तो आपको मल्टीग्रेन आटा खाने से बचना चाहिए। ऐसा क्यों है इसे हम आपको विस्तार से समझा रहे हैं।

एक्सपर्ट बताती हैं कि हर अनाज को पचने का समय अलग अलग होता है और उसे तोडऩे के लिए शरीर को खास तरह के एंजाइमों की जरूरत होती है। जब आप 4 से 5 तरह के अनाजों को एक साथ मिलाकर आटा बनाती हैं, तो यह आपके पाचन को थोड़ा कंफ्यूज करता है। इससे खाना ठीक से नहीं पच पाता है। पोषक तत्वों का अवशोषण कम हो सकता है, जिससे गैस बन सकती है और आपको पेट में भारीपन महसूस हो सकता है।

### क्या खाना सही होगा?

एक्सपर्ट बताती हैं कि इसका सबसे अच्छा उपाय है कि आप मौसम में मुताबिक सिंगल ग्रेन आटा खाएं। हमारे पूर्वज भी यही तरीका अपनाते थे और विज्ञान भी यही कहता है।



### रागी या बेसन की रोटी खाएं

यह मौसम नमी वाला होता है। रागी और बेसन जैसे अनाज हल्के और सूखने वाले होते हैं, जो शरीर की अतिरिक्त नमी को मैनेज करने में मदद करते हैं। सर्दी में आप बाजरा या ज्वार का आटा खाएं। ये गर्म तासीर वाले अनाज हैं, जो शरीर में आंतरिक गर्मी पैदा करते हैं और चायपचाय को सहारा देते हैं। गर्मी में आपको जौ या चावल का आटा शामिल करना चाहिए। ये ठंडी तासीर वाले अनाज हैं, जो शरीर की गर्मी और एसिडिटी को नियंत्रित करने में मदद करते हैं।

---

## बरसात में कोरियन जायके के साथ बनाएं खास चीला

अगर आप भी कोरियन स्नैक्स ट्राई करना चाहते हैं तो मानसून में हल्का और क्रिस्पी कोरियन स्टाइल पैनकेक परफेक्ट विकल्प है। यह झटपट तैयार हो जाने वाला स्नैक है जो आपको स्ट्रीट फूड का स्वाद देगा।

अगर आप भी कोरियन स्नैक्स ट्राई करना चाहते हैं तो मानसून में हल्का और क्रिस्पी कोरियन स्टाइल पैनकेक परफेक्ट विकल्प है। यह झटपट तैयार हो जाने वाला स्नैक है जो आपको स्ट्रीट फूड का स्वाद देगा। कोरियन पैनकेक को पेजन कहा जाता है, और इसे आप सब्जियों के साथ या बिना भी बना सकते हैं। इसमें खास बात यह है कि यह पैन फ्राय होता है और बहुत कम तेल में क्रिस्पी बनता है।

### कोरियन पैनकेक बनाने की सामग्री

एक कप मैदा, दो चम्मच चावल का आटा,आधा कप बारीक कटी हरी प्याज, बारीक कटा गाजर, शिमला मिर्च पत्ता गोभी,दो कलियां कद्दूकस की हुई लहसुन,नमक,एक चम्मच सोया सॉस, घोल बनाने के लिए एक कप पानी,तलने के लिए रिफाइंड ऑयल, तेल या घी

### कोरियन पैनकेक कैसे बनाते हैं?

एक कटोरे में मैदा, चावल का आटा, नमक और पानी डालकर पतला घोल बनाएं। इसमें सारी कटी सब्ज़ियां, लहसुन और सोया सॉस मिलाएं। एक नॉनस्टिक तवा गरम करें और थोड़ा सा तेल डालें। अब घोल को पैन में डालें और चम्मच से थोड़ा फैला दें, जैसे चीला या डोसा फैलाते हैं। दोनों तरफ से गोल्डन ब्राउन और क्रिस्पी होने तक सेकें।



---

कार्नर न्यूज

अपनी बच्ची को संवेदनशील बनाइए, साझा कीजिए उससे हर बात

## स्कूल या पब्लिक प्लेस पर आपकी बच्ची के साथ नहीं कर पाएगा कोई बदतमीजी, पहले से ही सिखा दें ये अहम बातें

बच्चियों की सुरक्षा के लिए उन्हें सशक्त बनाना जरूरी है। स्कूल जाने या पब्लिक प्लेस पर वीजिट करने से पहले अगर आप अपनी छोटी सी बच्ची को कुछ जरूरी बातें सिखाएंगी, तो वे अपने आप को मजबूत बना सकती हैं। साथ ही, किसी की बदतमीजी से बच भी सकती हैं। आज के दौर में बच्चियों की सुरक्षा, माता-पिता के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। स्कूल हो या कोई पब्लिक प्लेस, पेरेंट्स के मन में हमेशा यह चलता रहता है कि उनकी बच्ची सुरक्षित और हंसती-खिलखिलाती रहे।



### अच्छा स्पर्श और बुरा स्पर्श का फर्क बताएं

यह सबसे बुनियादी और महत्वपूर्ण बात है जो हर बच्चे को पता होनी चाहिए। उन्हें बताएं कि शरीर के कुछ हिस्से प्राइवेट होते हैं जिन्हें कोई नहीं छू सकता, सिवाय डॉक्टर या माता-पिता के, वो भी केवल तभी जब बहुत ज़रूरी हो। समझाएं कि अगर कोई उन्हें ऐसे छूता है जिससे उन्हें अजीब, असहज या बुरा महसूस हो, तो वह 'बुरा स्पर्श' है। बताएं कि अगर कोई उन्हें गलत तरीके से छूता है या उन्हें असहज महसूस कराता है, तो उन्हें तुरंत उस जगह से हट जाना चाहिए और जोर से 'नहीं' कहना चाहिए।

### बेटी को 'नहीं' कहना सिखाएं

बच्चों को अपनी सीमाएं तय करना और 'नहीं' कहना सिखाना बेहद जरूरी है। उन्हें समझाएं कि अगर कोई उन्हें कुछ ऐसा करने को कहता है जो उन्हें पसंद नहीं, या उन्हें असहज महसूस कराता है, तो उन्हें 'नहीं' कहने का पूरा अधिकार है। यह भी सिखाएं कि अगर कोई उनकी बात नहीं सुनता है और जबरदस्ती करता है, तो उन्हें चीखना, चिल्लाना या भागना चाहिए।

उन्हें बताएं कि उनकी भावनाएं महत्वपूर्ण हैं और उन्हें हमेशा अपनी अंतर्ज्ञान पर भरोसा करना चाहिए। अगर उन्हें कोई व्यक्ति या स्थिति ठीक नहीं लगती, तो उन्हें उससे दूर रहना चाहिए।

### अजनबियों से बात न करने दें

यह एक क्लासिक लेकिन हमेशा प्रासंगिक सलाह है। अपनी बच्ची को बताएं कि उन्हें किसी भी अजनबी से बात नहीं करनी चाहिए, खासकर अगर वे अकेले हों। उन्हें सिखाएं कि अजनबी अगर उन्हें कोई कैंडी, खिलौना या कोई और चीज़ देने की कोशिश करें, तो उसे बिल्कुल न लें। समझाएं कि अगर कोई अजनबी उनसे लिफ्ट देने या पता पूछने के बहाने पास आने की कोशिश करे, तो उन्हें तुरंत दूर हट जाना चाहिए और मदद के लिए किसी बड़े को पुकारना चाहिए। उन्हें 'अजनबी' की परिभाषा भी समझाएं कि वह कोई भी हो सकता है जिसे वे नहीं जानते, भले ही वह दोस्ताना लगे।

### इमरजेंसी में मदद मांगनी है, बताएं

बच्चों को यह जानना जरूरी है कि अगर वे कभी खतरे में पड़ें या मदद की जरूरत हो, तो वे कहां जाएं। उन्हें कुछ सुरक्षित जगहों की पहचान करना सिखाएं, जैसे पुलिसकर्मी, सुरक्षा गार्ड, किसी दुकान के अंदर दुकानदार, या ऐसे माता-पिता जिनके साथ बच्चे हों। उन्हें अपना पूरा नाम, माता-पिता का नाम और फोन नंबर याद करवाएं। उन्हें बताएं कि अगर वे रास्ता भटक जाएं या खुद को असुरक्षित महसूस करें, तो इन सुरक्षित लोगों से मदद कैसे मांगें। फोन पर इमरजेंसी नंबर जैसे 100 या 112 डायल करना भी सिखाएं, भले ही उन्हें अभी तक फोन इस्तेमाल करना न आता हो।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ब्लैंको की दुल्हन बनेंगी सेलेना, कपल ने शुरू की भव्य शादी की तैयारियां



हॉलीवुड की मशहूर जोड़ी सेलेना गोमेज और बेनी ब्लैंको जल्द ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। दोनों की शादी कैलिफोर्निया के मोंटेसीटो में होगी। इसके लिए कपल ने पूरी प्लानिंग भी कर ली है। दोनों की शादी दो दिन तक चलने वाला एक ग्रैंड इवेंट होगा जिसमे परिवार, करीबी दोस्त ही शिरकत करेंगे। ये स्टार कपल सितंबर माह में कैलिफोर्निया के मोंटेसीटो में शादी करने जा रहा है। खास बात ये है कि ये शादी के पूरे रिति-रिवाजों को दो दिन में पूरा किया जाएगा और इसमें इंडस्ट्री के कई चर्चित चेहरे शामिल होने वाले हैं।
पिछले कुछ महीनों से ये कपल अपनी शादी को लेकर चर्चाओं में बना हुआ है। दोनों ने पिछले साल एक दूसरे से सगाई की है। दोनों ने अपनी शादी के बारे में जय शेट्टी के पॉडकास्ट में खुलकर बात की थी। इस दौरान कपल ने अपनी मुलाकात, सगाई और शादी के प्लान को लेकर चर्चा की थी। अब खबर है कि शादी की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और निमंत्रण ईमेल के जरिए मेहमानों को भेजे जा चुके हैं।
सूत्रों के मुताबिक ये शादी किसी ग्रैंड बॉलीवुड या हॉलीवुड वेडिंग की तरह भव्य न होकर एक प्राइवेट फंक्शन होगा। दोनों चाहते हैं कि इस खास दिन पर सिर्फ उनके करीबी दोस्त और परिवार ही मौजूद हों। खास बात ये है कि मेहमानों को वीकेंड स्टे के लिए कहा गया है ताकि वो दोनों दिन शादी समारोह का हिस्सा बन सकें। सेलेना की सबसे अच्छी दोस्त कही जाने वालीं टेलर स्विफ्ट भी इस शादी में अपने पार्टनर ट्रैविस केल्सी के साथ शामिल हो सकती हैं। इसके अलावा 'ओनली मर्डर्स इन द बिल्डिंग' के को-स्टार्स और बेनी ब्लैंको के म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े दोस्त भी इस लिस्ट में शामिल हो सकते हैं।

### टॉलीवुड

## राजामौली की फिल्म में खुद स्टंट करेंगे महेश बाबू, फिल्म में होगा खास सोलो डांस नंबर भी



एसएस राजामौली की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'एसएसएमबी29' को लेकर दो नए अपडेट सामने आए हैं। पहला कि इस फिल्म में महेश खुद खतरनाक स्टंट करते नजर आएंगे और दूसरा की इस फिल्म में उनके ऊपर एक खास सोलो सॉन्ग फिल्माया जाएगा।
टॉलीवुड सुपरस्टार महेश बाबू की नई फिल्म 'एसएसएमबी29' का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह एक एडवेंचर फिल्म है, जिसका निर्देशन एसएस राजामौली कर रहे हैं। इसमें प्रियंका चोपड़ा जोनस और पृथ्वीराज सुकुमारन भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म को लेकर दो और नई अपडेट सामने आई हैं।
महेश बाबू की फिल्म 'एसएसएमबी29' को लेकर दो रोमांचक जानकारी सामने आई है। पहली, वे इस फिल्म में अपने खतरनाक स्टंट खुद करेंगे, जैसा कि वे अपनी फिल्मों में पहले भी कर चुके हैं। दूसरी, राजामौली ने महेश के लिए एक शानदार सोलो डांस नंबर प्लान किया है, जिसमें वे एक नए अवतार में नजर आएंगे।
फिल्म 'एसएसएमबी29' का अगला एक्शन से भरपूर शेड्यूल पहले केन्या में होने वाला था, लेकिन वहां की परिस्थितियों के कारण इसे रद्द कर दिया गया। अब टीम दक्षिण अफ्रीका या फिर तंजानिया में शूटिंग की योजना बना रही है। एसएस राजामौली के निर्देशन में बन रही 'एसएसएमबी29' में महेश बाबू, प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज सुकुमारन लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 2027 में रिलीज हो सकती है। महेश बाबू इन दिनों एसएस राजामौली की फिल्म 'एसएसएमबी29' की शूटिंग में बिजी है। इस फिल्म के अलावा कथित तौर पर महेश निर्देशक बुची बाबू सना के साथ एक नया प्रोजेक्ट शुरू करने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बुची बाबू सना ने महेश बाबू को अपनी फिल्म की स्क्रिप्ट भी सुना दी है, जिसे एक्टर ने काफी पसंद भी किया। ये एक पैन-इंडिया फिल्म होगी, जो तेलुगु के साथ-साथ हिंदी और दूसरी भाषाओं में भी रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## एक साथ तीन फिल्मों का हुआ मुहूर्त



बिहार की सांस्कृतिक राजधानी मुजफ्फरपुर की धरती भी अब फिल्म निर्माण के क्षेत्र में उर्वरा हो रही है। मुजफ्फरपुर के निर्देशक इब्रान खान के निर्देशन में एक साथ तीन भोजपुरी फिल्म की शूटिंग बिहार के विभिन्न लोकेशन पर होगी। तीनों फिल्म की शूटिंग ₹रोयल कांसेप्ट₹ एवं ₹सूर्वयांश फिल्म प्रोडक्शन₹ के बैनर तले होगी। फिल्म ₹मोहब्बत के मुसाफिर₹ ₹जख्मी जान₹ और ₹कलहर₹ के लेखक अमीर हमजा हैं। फिल्म के निर्देशक इब्रान खान ने बताया कि तीनों फिल्म का कॉन्सेप्ट बिलकुल यूनिक है जो दर्शकों को भोजपुरी में इससे पहले इस तरह की फिल्म देखने को नहीं मिली होगी। फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर प्रवीण सोनी ने बताया कि फिल्म के सारे गीत बहुत ही शानदार है।
इस बैनर से जुड़कर काम करने में काफी आनंद की अनुभूति हो रही है।। इस फिल्म में नए कलाकार के साथ साथ कुछ नामचीन कलाकार में काम करते हुए नजर आएंगे।। भव्य मुहूर्त कालिका मूवीज स्टूडियो में सम्पूर्ण हुआ। मुहूर्त के समय अभिनेता प्रिंस सिंह राणा, ऋषि, पिकेश ताव्या, प्रवीण सोनी, डी जे राजा, अमीर हमजा, इब्रान खान एवम अन्य कलाकार उपस्थित थे।

## कॉलेज फैशन के रंग

लाइफ स्टाइल



इन दिनों कॉलेज स्टूडेंट ट्रेंडिंग फैशन स्टाइल को लेकर बेहद गंभीर हैं। कुछ प्रमुख रुझानों में एथलीज़र, ओवरसाइज़्ड फ़िट्स और वाई2के स्टाइल्स की वापसी शामिल है। विशेष रूप से डेनिम और बोल्ड एक्सेसरीज़ पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। स्थायित्व भी एक बढ़ता हुआ कारक है, जिसमें थ्रिफ्टिंग और टिकाऊ डेनिम की लोकप्रियता बढ़ रही है।

## सावन में बिना मेहंदी के भी संवारे अपने हाथ

सावन आ गया है और अब तक मेहंदी नहीं लगा सकी हैं तो कुछ घरेलू उपाय हैं, जो आपके हाथों को सुंदरता और त्योहारी लुक दे सकते हैं। सावन में झटपट हथेलियों में मेहंदी जैसा निखार लाने के लिए कुछ आसान तरीकों को अपनाएं ताकि समय की कमी के बाद भी आप सावन स्पेशल स्टाइल को अपना सकें।
सावन का महीना आते ही हर तरफ हरियाली और भक्ति का माहौल बन जाता है। यह महीना खासतौर पर महिलाओं के लिए होता है, जिसमें वह हरे रंग के परिधान पहनती हैं। 16 श्रृंगार करके संजती-संवरती हैं और हाथों में मेहंदी रचाती हैं। हालांकि अगर अपनी व्यस्त जीवनशैली के चलते अब तक आपको मेहंदी लगाने का समय नहीं मिल सका है तो भी आप अपने हाथों की सुंदरता को निखार सकती हैं। इसके लिए कुछ घरेलू उपाय हैं, जो आपके हाथों को सुंदर और त्योहारी लुक दे सकते हैं। सावन में झटपट हथेलियों में मेहंदी जैसा निखार लाने के लिए कुछ आसान तरीकों को अपनाएं ताकि समय की कमी के बाद भी आप सावन स्पेशल स्टाइल को अपना सकें। यहां जानिए,सावन में हाथ सुंदर दिखाने के आसान तरीके।

### सिर्फ उंगलियों में मेहंदी लगाएं

अगर आपके पास मेहंदी लगाने का पर्याप्त समय नहीं है तो ऐसी डिजाइन लगाएं जो झटपट लग जाए। आप सिर्फ अपनी उंगलियों के पोर को मेहंदी से भर सकते हैं। या ऐसी कई सुंदर मेहंदी डिजाइन हैं जो सिर्फ उंगलियों में लगाकर पूरे हाथ की खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं।
हरी चूड़ियां अगर आप सावन में मेहंदी नहीं ला पा रही हैं तो अपने हाथों को त्योहार के मुताबिक सजाने के लिए हरे रंग की चूड़ियां पहनें। सावन



में इस रंग की चूड़ियां आपकी कलाइयों को अधिक आकर्षक बना देंगी।

### नेल पेंट

हाथों की सुंदरता को नेल पेंट या मिनी नेट आर्ट से बढ़ा सकते हैं। एक सॉफ्ट या ब्राइट कलर की नेल पॉलिश हाथों को आकर्षक बना देती है। थोड़ा सा ग्लिटर या मिनी आर्ट लुक में चार चांद लगा सकता है।

### मेहंदी स्टिकर्स

मेहंदी डिजाइन लगाने, हिना सुखाने और रंग चढ़ने तक का वक्त आपके पास नहीं है तो पांच मिनट में मेहंदी लगाकर रंगत ला सकते हैं। इसके लिए अब बाजार में मेहंदी स्टीकर्स आने लगे हैं। अगर समय नहीं है तो 5 मिनट में लगाने वाले हिना स्टिकर या टेटू भी एक अच्छा विकल्प हैं।

## मानसून में साड़ी की कुछ खास डिजाइन जीत लेगी आपका दिल



बारिश का मौसम शुरू हो गया है और ऐसे मौसम में अधिकतर महिलाएं आरामदायक और हलके कपडे पहनना ज्यादा पसंद करती हैं। अगर आप भी उन्हीं महिलाओं में से एक हैं, तो ये खबर आपके लिए खास हो सकती हैं। आज हम आपको इस सीजन में पहनने के लिए कुछ ऐसे साड़ी के कलेक्शन बताएंगे, जिन्हें ट्राई कर आप बला की खूबसूरत लग सकती हैं।



### लाइट पिंक प्योर लिनन

अपनी खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए और मानसून में आरामदायक लुक पाने के लिए अगर आप भी साड़ी तलाश रही हैं, तो आपके लिए यह लाइट पिंक प्योर लिनन साड़ी बेस्ट हो सकती हैं। ऐसी साड़ी को आप मार्केट जाकर अपने लिए खरीद सकती हैं। या ऑनलाइन भी आर्डर कर सकती हैं। यह साड़ी आपको स्टाइलिश लुक देने के साथ साथ आपको कम्फर्ट लुक देने में भी मदद करेगी।



### लाइट ग्रीन वोवेन लिनन

मानसून सीजन में स्टाइल करने के लिए आप लेटेस्ट साड़ी डिजाइन देख रही हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। आप इस खूबसूरत लाइट ग्रीन वोवेन लिनन साड़ी को ट्राई कर सकती हैं और अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं। अधिकतर महिलाएं बरसात के मौसम में इस तरह की साड़ी पहनना पसंद करती हैं। ऐसे में आपके लिए ये बेस्ट हो सकती हैं।

### शिबोरी लिनन

बारिश के मौसम में उमस होना एक आम बात है, लेकिन ऐसी उमस में रोजाना अलग अलग ऑउटफिट पहनकर ऑफिस या कॉलेज जानें में अधिकतर वर्किंग वीमेन को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में अब आप इस खूबसूरत शिबोरी लिनन साड़ी को भी ट्राई कर सकती हैं।

## इस स्क्रब से आप भी कर सकती हैं डार्क एल्बो को कम

महिलाएं न सिर्फ अपने चेहरे की खूबसूरती बल्कि हर छोटी-छोटी चीजों का बहुत ध्यान रखती हैं। ऐसे में अधिकतर महिलाएं कोहनी के कालेपन की वजह से काफी परेशान रहती है। अगर आप भी कोहनी पर जमी टैनिंग और गंदगी को कम करना चाहती है, तो ब्यूटी एक्सपर्ट के बताएं कुछ आसान उपाय को आजमा सकती हैं। इन उपाय को कर आप राहत पा सकती हैं।

### टैनिंग रिमूवल स्क्रब

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा के मुताबिक कोहनी पर जमा कालापन शर्मिंदगी का कारण बन सकता है, जिसकी वजह से अधिकतर महिलाएं परेशान रहती हैं। लेकिन अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप घर पर रहकर एक खास स्क्रब तैयार कर इससे छुटकारा पा सकती हैं। स्क्रब बनाने के लिए आपको शहद,ओट्स,चीनी और नींबू का रस जैसी कुछ सामग्री की जरूरत लगेगी।

### टैनिंग रिमूवल स्क्रब बनाने का तरीका

कोहनी के कालेपन को कम करने के लिए अगर आप भी घर पर स्क्रब बनाने का सोच रही हैं, तो इसे बनाने के लिए सबसे पहले आप



ओट्स को मिक्सर या ब्लेंडर की मदद से पीस लें। ध्यान रहे आपको इन्हें ज्यादा बारीक आते जैसा नहीं करना है। आप इसे दरदरा रखें। अब आप ओट्स को पीसकर एक कंटेनर में इसे निकाल लें, अब इसमें दो बड़े चम्मच शहद, दो चम्मच चीनी और नींबू का रस मिला दे। अब इस पेस्ट को अच्छी तरह फेंट ले। अब आपका स्क्रब बनकर तैयार है, आप इसे कोहनी पर लगाने से पहले अपनी कोहनी को अच्छी तरह पानी से धो लें, उसके बाद इसे लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें। इस स्क्रब का आप एक हफ्ते में दो बार इस्तेमाल कर सकती है। यही नहीं आप चाहे तो इसे कोहनी पर लगाने के साथ-साथ अपने घुटने पर भी लगा सकती हैं। यह स्क्रब घुटने से भी टैनिंग हटाने में मदद करेगा।

## स्टाइलिश लुक के लिए खास इयररिंग्स

इयररिंग्स आपके लुक में नई जान डालने का काम करते हैं, और साथ ही, आपके लुक को स्टाइलिश और ब्यूटीफुल भी बनाते हैं। इसलिए आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले इयररिंग्स पर नजर डालनी चाहिए। इस तरह के इयररिंग्स ऑफिस में आपको प्रोफेशनल लुक देने का काम करेंगे, साथ ही, अगर आप इन्हें पार्टी में पहनती हैं, तो ये आपके लुक में चार चांद लगा देंगे।



### पर्ल इयररिंग्स

डार्क कलर के आउटफिट में स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह के पर्ल इयररिंग्स पहन सकती हैं। ये इयररिंग्स फ्लावर डिजाइन में हैं और इन्हें स्टाइल करने के बाद आपका लुक सुंदर नजर आएगा। ये इयररिंग्स आप किसी पार्टी में शामिल होने के दौरान पहन सकती हैं और ये आपको 200 रुपये तक की कीमत में आसानी से मिल सकते हैं।

### अलॉय डिजाइन इयररिंग्स

पर्ल वर्क में आप इस तरह के अलॉय डिजाइन वाले इयररिंग्स का चुनाव कर सकती हैं। ये इयररिंग्स जहाँ अलॉय डिजाइन में हैं, वहीं ये पर्ल वर्क में भी हैं। इस तरह के इयररिंग्स न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हैं और इन्हें आप लाइट और डार्क कलर के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। ये इयररिंग्स आपको आसानी से ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 200 रुपये से 300 रुपयेकी कीमत में मिल सकते हैं।

### क्यूबिक डिजाइन इयररिंग्स

अगर आप ऑफिस में साड़ी या सूट स्टाइल कर रही हैं, तो आप इस तरह के क्यूबिक डिजाइन वाले इयररिंग्स पहन सकती हैं। ये इयररिंग्स न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट हैं।

### स्टोन वर्क इयररिंग्स

पार्टी में स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह के स्टोन वर्क इयररिंग्स का चुनाव कर सकती हैं। ये स्टोन वर्क इयररिंग्स फ्लोरल डिजाइन में हैं और इन्हें स्टाइल करने के बाद आपका लुक बेहद ही सुंदर हो जाएगा।

कार्नर न्यूज

### आपके लुक को क्लासी टच देंगे कुछ चुनिंदा हेयर स्टाइल

## अपने लुक को बनाना है क्लासी तो इन हेयर स्टाइल से लें इंस्पिरेशन, महफिल की रौनक बन जाएंगी आप

ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए जहां महिलाएं बेस्ट आउटफिट का चुनाव करती हैं, तो वहीं परफेक्ट हेयर स्टाइल भी आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करता है। अगर आप अपने लुक को क्लासी टच देना चाहती हैं, तो आप एक्ट्रेसेस के हेयर स्टाइल से इंस्पिरेशन ले सकती हैं। ये हेयर स्टाइल्स आप किसी पार्टी या किसी खास इवेंट में शामिल होने के दौरान बना सकती हैं। वहीं, इन हेयर स्टाइल्स में आपका लुक बेहद ही अलग और सुंदर नजर आएगा। हम आपको एक्ट्रेसेस के कुछ ऐसे हेयर स्टाइल दिखा रहे हैं, जो आपके लुक को क्लासी और नया लुक देने का काम करेंगे।

### साइड-स्वेप्ट हेयर स्टाइल

साड़ी में क्लासी लुक पाने के लिए आप एक्ट्रेस अनन्या पांडे के हेयर स्टाइल से इंस्पिरेशन ले सकती हैं। एक्ट्रेस ने साइड-स्वेप्ट हेयर स्टाइल बनाया है और इसमें उनका लुक बेहद ही सुंदर और स्टाइलिश नजर आ रहा है। इस तरह के हेयर स्टाइल को बनाने के लिए आप बालों को पीछे की तरफ खींचकर ऊपर करके



ओर इकट्ठा करके बांध लें। इसके बाद आगे की तरफ कुछ बालों को वेव या कर्ल करके ब्यूटीफुल लुक पाएं।

### इस तरह बनाएं ये हेयर स्टाइल

सबसे पहले बालों को दाएं या बाएं किसी भी तरफ साइड पार्ट करें।इसके बाद पिन की मदद से अच्छी तरह सेट करें। आगे आए हुए बालों को फ्लैट आयरन की मदद से स्ट्रेट करें।इसके साथ आप हेयर क्लिप या फ्लोरल पिन एक्सेसरीज भी लगा सकती हैं।

### वेवी हेयर स्टाइल

अगर आप किसी इवेंट या पार्टी में शामिल हो रही हैं और इस दौरान साड़ी या ड्रेस पहन रही हैं, तो आप एक्ट्रेस मेधा शंकर की तरह वेवी हेयर स्टाइल बना सकती हैं। इस तरह का हेयर स्टाइल आपके लुक को स्टाइलिश और क्लासी टच देने का काम करेगा और इसे बनाने के बाद आपका लुक सुंदर भी नजर आएगा।

### इस तरह बनाएं ये हेयर स्टाइल

बालों को 3-4 सेक्शन में बांटें और इसके बाद कर्लिंग आयरन की मदद से हल्के कर्ल बनाएं।इसके बाद आप हाथों से हल्के से कर्ल्स को खोल दें। क्लासी लुक के लिए कुछ बेहतरीन हेयरस्टाइल्स में फ्रेंच ट्विस्ट, स्लीक बन, साइड पार्टेड वेव्स, और ब्रेडेड बन शामिल हैं। ये हेयरस्टाइल्स न केवल स्टाइलिश हैं, बल्कि इन्हें बनाना भी अपेक्षाकृत आसान है।
**फ्रेंच ट्विस्ट:** यह एक क्लासिक और एलिगेंट हेयरस्टाइल है जो किसी भी अवसर के लिए उपयुक्त है। इसे बनाने के लिए, बालों को एक तरफ करके ट्विस्ट करें और बॉबी पिन से सिक्योर करें।
**स्लीक बन:** एक स्लीक बन एक और शानदार विकल्प है। इसे बनाने के लिए, बालों को कंघी करके पीछे की तरफ बांध लें और फिर एक बन बना लें। आप इसे अपनी पसंद के अनुसार हाई या लो बना सकते हैं।
**साइड पार्टेड वेव्स:** साइड पार्टेड वेव्स एक फैशनेबल और ट्रेंडी हेयरस्टाइल है। इसे बनाने के लिए, बालों को एक तरफ करके कंघी करें और फिर वेव्स बनाएं। आप वेव्स को कर्लर या स्ट्रेटनर से बना सकते हैं।
**ब्रेडेड बन:** ब्रेडेड बन एक और स्टाइलिश विकल्प है। इसे बनाने के लिए, बालों को ब्रेड करें और फिर उसे एक बन में लपेट लें। आप एक फ्रेंच ब्रेड या एक सिंपल ब्रेड का उपयोग कर सकते हैं।
**चेहरे का आकार:** अपने चेहरे के आकार के अनुसार हेयरस्टाइल चुनें। उदाहरण के लिए, यदि आपका चेहरा गोल है, तो आप ऐसे हेयरस्टाइल चुन सकते हैं जो आपके चेहरे को लंबा दिखाए, जैसे कि साइड-स्वेप्ट बैंग्स या लंबे, स्तरित कट। अपने बालों के प्रकार के अनुसार हेयरस्टाइल चुनें। यदि आपके बाल सीधे हैं, तो आप वेव्स या कर्ल्स बना सकते हैं।